हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 | www.prakharpurvanchal.com | Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 7, अंकः 333, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 27 मई, 2023 दिन शनिवार | गाजीपुर/वाराणसी

## मुख्यमंत्री ने कानपुर में एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का किया शुभारंभ

### कार्यक्रम में ज्योतिरादित्य सिंधिया व राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह भी रहे मौजूद



कानपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानपुर की जनता को एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का शुभारंभ फीता काट कर किया। मुख्यमंत्री के साथ उड्डयन मंत्री और राज्य मंत्री वीके सिंह भी मौजूद रहे। सीएम ने एयरपोर्ट की कलाकृतियां और डिजाइन देख कर तारीफ भी की। मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना भी उनके साथ मौजूद रहे।

बता दें कि यहां कार्यक्रम समाप्त होने के बाद दोपहर उनका राजकीय विमान हिंडन एयरपोर्ट गाजियाबाद के लिए उड़ान भरेगा। चकेरी एयरपोर्ट के नए टर्मिनल का उदघाटन के लिये मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर कमिश्नरेट पुलिस ने सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया था। मुख्यमंत्री के आगमन से पूर्व गुरुवार को पुलिस महानिदेशक डा. आरके विश्वकर्मा और डीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार भी शहर में मौजूद रहे। शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम को पुलिस आयुक्त बीपी जोगदण्ड, संयुक्त पुलिस आयुक्त आनन्द प्रकाश तिवारी, जिलाधिकारी विशाख जी, डीसीपी सेंट्रल प्रमोद कुमार ने चकेरी एयरपोर्ट पर सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों को उनकी ड्यूटी प्वाइंट बताए। पुलिस आयुक्त ने सभी पुलिसकर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि वह ड्यूटी से तीन घंटे पहले कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। वहीं संयुक्त पुलिस आयुक्त आनन्द प्रकाश तिवारी ने कहा कि प्रवेश द्वारा पर डोरफ्रेम मेटल डिटेक्टर (डीएफएमडी) लगाए गये हैं बिना जांच के कोई अंदर नहीं जायेगा। इसके साथ ही कार्यक्रम स्थल के आसपास रूफ टाप ड्यूटी लगाई गई हैं। ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से हर गतिविधि पर नजर रखी जाएगी।

मंच पर जांच के बाद केवल वहीं लोग जा सकेंगे जिन्हें पास जारी किया गया है, बिना पास के किसी को भी प्रवेश नहीं मिलेगा। कमिश्नरेट यातायात की व्यवस्था अपने साथ ले गई एडीजी ट्रैफिक पुलिस महानिदेशक डा. आरके विश्वकर्मा के साथ एडीजी ट्रैफिक अनुपम कुलश्रेष्ठ भी शहर आई थी। कमिश्नरेट पुलिस ने उनके सामने यातायात सुधार के लिए हाल में किए गए कार्यक्रमों का ब्यौरा पेश किया। जिसमें विशेष रूप से जिस तरह से चौराहों को बंद कर यू-टर्न को प्रमुखता दी गई है यह व्यवस्था उन्हें पसंद आई, उन्होंने यातायात पुलिस से अब तक किए गए सभी नवाचार की जानकारी ली और प्रदेश के सभी जिलों में इन्हें लागू करने के लिए कहा।

### उमेश पाल हत्याकांड में पुलिस ने दाखिल की पहली चार्जशीट

प्रयागराज। विधायक राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल की हत्या के मामले में पुलिस ने पहली चार्जशीट शुक्रवार को दायर कर दी। पहली चार्जशीट में सिर्फ एक आरोपी सदाकत खां के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया है। अन्य आरोपियों के नाम का उल्लेख इसमें नहीं है। माना जा रहा है कि कुछ दिन के भीतर अन्य आरोपियों के खिलाफ भी पुलिस चार्जशीट दाखिल कर सकती है। पुलिस के पास अभी 25 दिन का समय है। हत्याकांड में शामिल माफिया अतीक, अशरफ और असद के साथ ही गुलाम हसन, अरबाज, उस्मान चौधरी की मौत हो चुकी है। 24 फरवरी को उमेश पाल की हत्या के बाद से अब तक इस हत्या मामले में आठ आरोपी जेल भेजे जा चुके हैं। इसके अलावा उम्रकैद की सजा काट रहे अतीक के वकील खान सौलत हनीफ को भी पुलिस आरोपी बना चुकी है। इस तरह से मौजूदा समय में इस मामले में कुल नौ लोग नैनी जेल में निरुद्ध हैं। प्रकरण में पहली गिरफ्तारी 27 फरवरी को हुई थी। पुलिस ने मुस्लिम बोर्डिंग हॉस्टल से सदाकत खान को अवैध असलहा के साथ गिरफ्तार किया था। इसके बाद 21 मार्च को अतीक अहमद के नौकर राकेश उर्फ लाला, ड्राइवर कैश अलावा हत्याकांड में रेकी करने वाले अख्तर कटरा, मो. सजद व नियाज अहमद को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

## दिल्ली में सोनिया और राहुल गांधी से मिले सिद्धारमैया, कल हो सकता है कैबिनेट विस्तार



बेंगलुरू। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शुक्रवार को दिल्ली में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मुलाकात की। वहीं कर्नाटक के मंत्री के एच मुनियप्पा ने शुक्रवार को कहा कि मंत्रिमंडल का विस्तार शनिवार दोपहर को होगा और विभागों का बंटवारा भी शाम तक हो जाएगा। के एच मुनियप्पा ने कहा कि मंत्रिमंडल में वरिष्ठ लोगों के साथ युवाओं को भी शामिल किया जाएगा। चार या पांच मंत्री पदों को छोड़कर शेष पदों को एक ही दिन में भर दिया जाएगा। जब मीडिया द्वारा पूछा गया क्या वरिष्ठ नेताओं ने मंत्री पद को लेकर पार्टी आलाकमान के समक्ष कोई मांग रखी है तो उन्होंने कहा कि इस समय कुछ भी कहना मुश्किल होगा। हालांकि, हमें वरिष्ठों के साथ-साथ युवा लोगों की भी जरूरत है। हमें दोनों का संतुलन बनाने की जरूरत है। विभागों के बारे में मंत्री मुनियप्पा ने कहा कि अभी कुछ भी तय नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि विभाग कल तय किया जाएगा। शनिवार शाम तक विभागों की घोषणा की जानी है। मुनियप्पा कर्नाटक के देवनहल्ली से विधायक हैं। वह पूर्व केंद्रीय मंत्री और सात बार लोकसभा सदस्य रह चुके हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के साथ 20 मई को कर्नाटक के मंत्री के रूप में शपथ ली थी। कैबिनेट में अब तक मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उनके डिप्टी डीके शिवकुमार सहित अब तक 10 पद भरे जा चुके हैं, जबकि 24 पद खाली हैं। शपथ लेने वालों में सिद्धारमैया और शिवकुमार के अलावा डॉ जी परमेश्वर, मुनियप्पा, केजे जॉर्ज, एमबी पाटिल, सतीश जारकीहोली, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे प्रियांक खड़गे, रामलिंगा रेड्डी और बीजेड जमीर अहमद खान शामिल हैं। वहीं कुछ दिनों से मंत्री पदों को लेकर खूब खींचतान चल रही है। नेता अपनी उम्मीदवारी को प्रभावित करने के लिए कांग्रेस के बड़े नेताओं से मिल रहे हैं। वहीं कई नेताओं ने तो दिल्ली में ही डेरा डाला हुआ है।

### राहुल गांधी की याचिका आंशिक रूप से स्वीकार, पासपोर्ट जारी करने के लिए कोर्ट ने तीन साल के लिए एनओसी दी

नई दिल्ली। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की नया पासपोर्ट जारी करने के लिए एनओसी की मांग वाली याचिका आंशिक रूप से स्वीकार कर ली है। कोर्ट ने तीन साल के लिए एनओसी दी है। इससे पहले दिल्ली कोर्ट ने राहुल गांधी पासपोर्ट मामले पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। इसके बाद कोर्ट ने दोपहर एक बजे आदेश पारित किया। दरअसल, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 10 साल की अवधि के लिए एक नया साधारण पासपोर्ट हासिल करने के लिए 'अनापत्ति प्रमाण पत्र' (एनओसी) मांग वाली याचिका दाखिल की थी। पूर्व राज्यसभा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी ने इसका विरोध किया था। स्वामी ने दिल्ली ने दिल्ली की एक अदालत में जवाब दाखिल करते हुए कहा था कि आवेदक के पास दस साल के लिए पासपोर्ट जारी करने का कोई वैध या प्रभावी कारण नहीं है।

## कांग्रेस भारतीय संस्कृति से इतनी 'नफरत' क्यों करती है? सेंगोल विवाद पर अमित शाह ने तंज कसते हुए पूछा सवाल



नई दिल्ली। नए संसद भवन के उद्घाटन और उसमें रखे जाने वाले सेंगोल पर हुए विवाद के बाद आज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा है। नए संसद भवन में स्पीकर की कुर्सी के पास स्थापित होने वाले सेंगोल को लेकर भाजपा के दावे को कांग्रेस ने फर्जी बताया था, जिसपर अब शाह ने तंज कसा है। शाह ने आज नए संसद को लेकर हो रहे विवाद पर कहा कि कांग्रेस पार्टी भारतीय परंपराओं और संस्कृति से इतनी नफरत करती है। उन्होंने कहा कि भारत की स्वतंत्रता के प्रतीक के रूप में तमिलनाडु के एक पवित्र शैव मठ द्वारा पंडित नेहरू को एक सेंगोल दिया गया था, लेकिन कांग्रेस ने इसे 'छड़ी' के रूप में एक संग्रहालय में भेज दिया। शाह ने कहा, "अब, कांग्रेस ने एक और शर्मनाक हरकत की है। पवित्र शैव मठ, थिरुववदुथुराई अधीनम ने खुद भारत की आजादी के समय सेंगोल के महत्व के बारे में बात की थी।" कांग्रेस "अधिनम के इतिहास को बोगस बता रही है! कांग्रेस को उनके व्यवहार पर विचार करने की आवश्यकता है"। इससे पहले कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने शुक्रवार को दावा किया कि लॉर्ड माउंटबेटन, सी राजगोपालाचारी और जवाहरलाल नेहरू द्वारा सेंगोल को अंग्रेजों द्वारा भारत में सत्ता हस्तांतरण के प्रतीक के रूप में वर्णित करने का कोई दस्तावेजी साक्ष्य नहीं है। रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नए संसद भवन का उद्घाटन किए जाने के बाद सेंगोल को लोकसभा अध्यक्ष की कुर्सी के पास स्थापित किया जाएगा। कांग्रेस सहित 21 विपक्षी दलों द्वारा इस कार्यक्रम का बहिष्कार किया जा रहा है। नए संसद भवन के उद्घाटन को लेकर सत्तारूढ़ और विपक्षी दलों के बीच वाकयुद्ध के बीच, शाह ने कहा कि कांग्रेस को अपने व्यवहार पर "चिंतन" करने की आवश्यकता है क्योंकि उन्होंने पार्टी के इस दावे का खंडन किया कि सेंगोल के 1947 में अंग्रेजों द्वारा भारत को सत्ता का हस्तांतरण करने का प्रतीक होने का कोई सबूत नहीं था।

### सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की नए संसद भवन के उद्घाटन को लेकर याचिका, फटकार लगाते हुए कहा- अगली बार जुर्माना लगेगा

नई दिल्ली। नए संसद भवन का उद्घाटन भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से करवाने की मांग वाली याचिका आज सुप्रीम कोर्ट से खारिज हो गई है। कोर्ट ने इसके साथ ही याचिकाकर्ता को फटकार लगाते हुए कहा कि अगर ऐसी याचिका दोबारा लगाई गई तो कोर्ट जुमार्ना भी लगा देगा। याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि हमें पता है कि ये याचिका किस कारण डाली गई है। कोर्ट ने इसी के साथ याचिकाकर्ता से पूछा कि आखिर इससे किसका हित होने वाला है। कोर्ट ने कहा कि ऐसी याचिकाओं की सुनवाई करना हमारा काम नहीं है। सुप्रीम कोर्ट में बीते दिन इस मामले में एक जनहित याचिका दाखिल हुई है, जिसमें यह मांग की गई है कि सुप्रीम कोर्ट केंद्र को ये निर्देश दे कि नए संसद भवन का 28 मई को उद्घाटन भारत के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा किया जाना चाहिए। जनहित याचिका में कहा गया है, "लोकसभा सचिवालय ने उद्घाटन के लिए राष्ट्रपति को आमंत्रित नहीं करके संविधान का उल्लंघन किया है।" अधिवक्ता जया सुकिन द्वारा दायर जनहित याचिका में कहा गया है कि 18 मई को लोकसभा सचिवालय द्वारा जारी बयान और नए संसद भवन के उद्घाटन के बारे में महासचिव, लोकसभा द्वारा जारी



किया गया निमंत्रण भारतीय संविधान का उल्लंघन है। कांग्रेस, टीएमसी और आप समेत कुल 21 विपक्षी दलों ने नए संसद भवन के उद्घाटन के बहिष्कार की घोषणा कर चुके हैं। उन्होंने कहा है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के बिना भवन का उद्घाटन करने का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का निर्णय "राष्ट्रपति का अपमान करना है और संविधान का उल्लंघन भी है"।

## अबू सलेम का भतीजा मुंबई से गिरफ्तार एसओजी की टीम ला रही है आजमगढ़



आजमगढ़। अंडरवर्ल्ड डॉन अबू सलेम के भतीजे को एसओजी टीम ने मुंबई से गिरफ्तार कर लिया है। उसे आजमगढ़ लाया जा रहा है। शहर कोतवाली में गुरुवार को उसके खिलाफ फजीर्वाड़ा कर जमीन कब्जा करने व रंगदारी मांगने की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। एसओजी टीम अबू सलेम के भतीजे को लेकर मुम्बई से आजमगढ़ के लिए रवाना हो चुकी है। शहर के चकला पहाड़पुर निवासिनी शबाना परवीन ने गुरुवार को शहर कोतवाली में तहरीर दिया कि उसके पति स्व. आदिल शेख इस्टर्न डिस्टीब्यूटर के मालिक रहे है। उनके निधन के बाद से वह ही उनका सारा कारोबार व परिवार देख रही है। पति ने निधन के पूर्व अपने भाई जैद अहमद, मां शाहिदा खातून व पिता स्व. नसीम अहमद के नाम से कई जगहों पर प्रापर्टी खरीदा था। जिस पर अब मेरी ननद हेमा व उसने पति सलमान की नजर है। पति के भाई जैद बीमार है, जिनका मुम्बई से इलाज कराया जा रहा है। मां शाहिदा भी अक्सर बीमार ही रहती है। मेरी ननद व उसके पति किसी भी तरह उसकी व उसके परिवार की संपत्ति पर कब्जा की कवायद में जुटे है। एक बार तो वे पति के भाई जैद व मां शाहिदा को बरगला कर वसीयत भी करा चुके है। जिसे बाद में दोनों ने रद्द कर दिया। इसके बाद से अब वे अंडरवर्ल्ड डॉन अबू सलेम के भतीजे मो. आरिफ पुत्र अब्दुल हाकिम निवासी पठानटोला थाना सरायमीर के माध्यम से मेरी व परिवार की संपत्ति पर नजर रखे है। आरिफ द्वारा रंगदारी मांगी जा रही है तो फर्जी कागजातों के आधार पर उसकी व परिवार की संपत्ति पर कब्जे का प्रयास किया जा रहा है। शबाना की तहरीर पर शहर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। वहीं एसओजी टीम ने अबू सलेम के मो. आरिफ को मुम्बई में गिरफ्तार कर लिया है। जिसे एसओजी टीम आजमगढ़ के लिए ले कर निकल चुकी है।

## मधेपुरा में दिनदहाड़े मुखिया को गोलियों से भूना, मौके पर मौत, कुछ दिन पहले बदमाशों ने मांगी थी रंगदारी



मुरलीगंज (मधेपुरा)। बिहार में बदमाश बेखौफ नजर आ रहे हैं। मुरलीगंज में शुक्रवार को दिनदहाड़े बदमाशों ने एक मुखिया को गोलियों से छलनी कर मौत के घाट उतार दिया। बदमाशों ने मुरलीगंज थाना क्षेत्र के दीनापट्टी सखुआ पंचायत के मुखिया दिलीप कुमार की हत्या कर दी। मुखिया क्षेत्र में घूमने गए थे।

इसी दौरान पंचायत क्षेत्र के तिलकोड़ा पुल के पास बैलदौड़ नहर के समीप बाइक सवार बदमाशों ने फायरिंग कर दी। बदमाशों ने मुखिया को करीब चार गोलियां मारी। गोलियां की आवाज से इलाका थर्रा उठा। फायरिंग की आवाज सुनकर मौके पर लोग भागे-भागे पहुंचे , तब तक अपराधी वारदात को अंजाम देकर भाग चुके थे। इधर, घटना की जानाकरी मिलते थानाध्यक्ष राजकिशोर मंडल मौके पर दलबल के साथ पहुंचे और घटना की पड़ताल में जुटे गए। मुखिया की हत्या से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। वहीं, मुखिया के परिजनों ने बताया कि कुछ दिन पहले बदमाशों ने फोन कर रंगदारी मांगी थी। इस बारे में मुखिया ने पुलिस को भी सूचना दी थी। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने सूचना के बाद भी इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। इधर, वारदात से स्थानीय लोगों में आक्रोश है। स्थानीय लोग शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजे जाने से इंकार कर रहें हैं। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार अपराधिक घटना बढ़ रही है। वारदात की सूचना पर मधेपुरा के सदर एसडीएम और एसडीपीओ भी मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारी आक्रोशित लोगों को शांत करने में जुटे हुए हैं।

## यूपी के शराबी भी है गो सेवक, योगी सरकार को प्रतिवर्ष 400 करोड़ से अधिक देते है काऊ सेस नामक टैक्स

### 2019 से अब तक करीब दो हजार करोड़ काऊ सेस के रूप में प्राप्त हुआ है राजस्व

प्रखर लखनऊ/डेस्क। आपको खबर की हेडिंग पढ़कर अजीब लग रहा होगा! लेकिन यह सच है। यूपी में शराबी भी है, गो-सेवक या फिर कह सकते हैं सबसे बड़े गौ सेवक है। उत्तर प्रदेश में शराब खरीद कर पीने वाले गौ माता की सेवा के लिए अपना योगदान 2019 से लगातार दे रहे हैं। बता दें कि प्रदेश में योगी सरकार के प्रथम कार्यकाल के दूसरे वर्ष से प्रतिवर्ष काऊ सेस के रूप में टैक्स लिया जाता है बता दें कि प्रत्येक सीसी पर 50 पैसे की दर से काऊ सेस लागू किया गया है। और बार की बोतल पर 10 की दर से काऊ सेस लिया जाता है। प्रदेश सरकार ने जनवरी 2019 से आबकारी नियमों में यह बदलाव किया। बता दें कि आबकारी विभाग को उम्मीद थी कि 156 करोड़ से अधिक आय होगी, लेकिन पहले ही साल 300 करोड़ से अधिक की काउ सेस के रूप में आय प्राप्त हो गई। इसके बाद इसे प्रीमियम शराब की बोतल पर भी लागू करने का निर्णय लिया गया। जिसके बाद सन 2020 में 425 करोड़, वर्ष 2021 में 475 करोड़ और वर्ष 2022 में 490 करोड रुपए की आय प्राप्त हुई। अब इसकी शुरूआत कैसे हुई आपको बताते हैं, इसकी शुरूआत 2018 में जब गोवंशो के लिए गौशालाओं का निर्माण हुआ तो इसके लिए बजट की आवश्यकता थी। ऐसे में प्रदेश सरकार ने आबकारी नीति बंदोबस्ती के तहत आंशिक बढ़ोतरी के बाद गौशालाओं के लिए अच्छा खासा बजट भी जुटा। इसका उपयोग गौशालाओं के लिए किया गया है। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि करीब 500 करोड़ गौ सेवा के लिए आबकारी विभाग से प्राप्त राजस्व आखिर जा कहा रहा है। इस हिसाब से देखें तो 2019 से लेकर 2023 के बीच में काऊ सेस के रूप में करीब 2000 करोड़ के ऊपर की आय प्राप्त हुई। आखिर इतनी रकम गई कहां जबकि आए दिन रोड पर गोवंश घूमते नजर आएंगे या फिर खेतों में किसानों की फसलों को बर्बाद करते। बताते चलें कि पहले यह योजना केवल 1 वर्ष के लिए शुरू की गई थी। लेकिन अच्छा राजस्व प्राप्त होने पर इसे लगातार बढ़ा दिया गया। आबकारी विभाग का कहना है इससे बिक्री में कोई गिरावट नहीं आई है।



## सेंगोल की तस्वीर ट्वीट कर अखिलेश बोले- लगता है भाजपा ने मान लिया कि अब सत्ता सौंपने का समय आ गया



लखनऊ। पीएम मोदी 28 मई को नई संसद का शुभारंभ करेंगे। बता दें कि पीएम मोदी के संसद भवन का शुभारंभ करने का कांग्रेस, सपा, आप सहित करीब 19 दल इसका विरोध कर रहे हैं। वहीं अब सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सेंगोल की तस्वीर ट्वीट कर भाजपा से सवाल पूछा है। अखिलेश यादव ने ट्वीट कर कहा कि 'सेंगोल सत्ता के हस्तांतरण (एक-हाथ से दूसरे हाथ में जाने) का प्रतीक है लगता है भाजपा ने मान लिया है कि अब सत्ता सौंपने का समय आ गया है।' इतना ही नहीं सपा नेता आजम खान के मामले में अखिलेश यादव ने यह भी कहा कि भाजपा राज में झूठे मुकदमों का सच बाहर आना शुरू हो गया है। जनता पर दबाव डालकर झूठा मुकदमा करवानेवाले सत्ता की कठपुतली बने भ्रष्ट अधिकारी को तुरंत दंडित करना चाहिए। इस आधार पर मा. आजम खान साहब की विधानसभा की सदस्यता की भी तत्काल बहाली हो। कोर्ट सत्ता की संलिप्तता की जांच करे। बता दें कि कोर्ट में सुनवाई के दौरान एक वादी ने कहा था कि डीएम के दबाव में उसने आजम खान पर मुकदमा दर्ज कराया था।

## संपादकीय

# राजतंत्र से लोकतंत्र, में राजदंड का सफर ?

भारत के नए संसद भवन का उद्घाटन समारोह आजादी के 75 वें साल में होने जा रहा है ' इस ऐतिहासिक समारोह को ऐतिहासिक बनाने के लिए बड़े पैमाने पर तैयारी की जा रही है। हजारों वर्षों की राजतंत्र की गुलामी के बाद 1947 में मिली आजादी के बाद लोकतंत्र की शुरूआत हुई थी। जिसमें जनता द्वारा निर्वाचित प्रतिनिधियों के हाथ में सत्ता आई। 1950 में भारत का संविधान लागू हुआ। राजतंत्र के स्थान पर लोकतंत्र की स्थापना हुई। संविधान में जनता का, जनता के द्वारा जनता पर शासन को लोकतंत्र के रूप में परिभाषित किया गया। संसद भवन में संविधान को शासन व्यवस्था का प्रतीक मानकर रखा गया। नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह में एक जो नई बात होने जा रही है। उसमें राजसी परंपरा का राजदंड स्थापित करने को लेकर देश में नई बहस शुरू हो गई है ' यह कहा जा रहा है,कि आजादी के 75 वर्ष बाद क्या हम एक बार फिर राजतंत्र की ओर लौट रहे हैं। राजतंत्र में राजदंड की व्यवस्था होती थी। नए संसद भवन में राजदंड को स्थापित कर वर्तमान सरकार लोकतंत्र को, राजतंत्र में परिवर्तित करने के लिए राजदंड की स्थापना करने जा रही है? भारत अब लोकतांत्रिक राष्ट्र के स्थान पर हिंदू राष्ट्र बनाने का रास्ता तैयार किया जा रहा है? केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जानकारी देते हुए बताया है,कि तमिलनाडु से आए विद्वान धार्मिक क्रियाओं को पूर्ण करने के बाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सैंगोल (राजदंड) सौंपेंगे। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा,कि यह राजदंड 15 अगस्त 1947 की आधी रात को अंग्रेज वाइसराय ने प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को सत्ता हस्तांतरण के समय सौंपा था। ऐतिहासिक दस्तावेजों के अनुसार भारत के अंतिम वायसराय लॉर्ड माउंटबेटन ने नेहरू से पूछा था, कि सत्ता हस्तांतरण के प्रतीक को किस तरह से सेलिब्रेट करना चाहते हैं। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सी राजगोपालाचारी ने जो मद्रास के मुख्यमंत्री रह चुके थे। उन्होंने नेहरू को राजदंड भेंट करने वाली तमिल राजवंश की परंपरा के बारे में बताया था। उन्होंने कहा था कि नए राजा को सत्ता ग्रहण करते समय राजदंड भेंट किया जाता है। जिस तमिल राजा की परंपरा का उन्होंने उल्लेख किया उस राजा का राजदंड राजगुरु थिरवदथुरै मठ के अधीन था। राजगोपालाचारी ने सुझाव दिया था, कि आपके प्रधानमंत्री बनने पर माउंटबेटन राजदंड, स्वतंत्रता और सत्ता हस्तांतरण के प्रतीक के रूप में ले सकते हैं। कांग्रेस पार्टी एवं जवाहरलाल नेहरु राजगोपालाचारी के इस मार्गदर्शन से सहमत हो गए थे। इसकी जानकारी उन्होंने लॉर्ड माउंटबेटन को दी। राजा गोपालाचारी के निर्देशन में मद्रास के 1 जोहरी को सोने का राजदंड बनाने को कहा गया। राजदंड के ऊपर नंदी की आकृति उकेरी गई। राजदंड को दिल्ली लाने के लिए जवाहरलाल नेहरू ने एक विशेष विमान भेजा था। 14 अगस्त 1947 की रात 11:45 बजे मठ के पुजारी ने यह राजदंड माउंटबेटन को सौंपा था। इसके बाद राजदंड में पवित्र जल छिड़का गया, इसे सत्ता परिवर्तन के समय जवाहरलाल नेहरू को सौपा गया। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारत किस तरह की शासन व्यवस्था को अपनाए। इसके लिए संविधान सभा का निर्माण किया गया। संविधान सभा में सभी पक्षों के विद्वानों को रखा गया। संविधान सभा ने स्वतंत्रता के पश्चात नागरिकों के मौलिक अधिकार और राजतंत्र के स्थान पर लोकतांत्रिक व्यवस्था को वरीयता दी। 26 जनवरी 1950 को संसद में संविधान को स्थापित किया गया। उसके बाद से संवैधानिक लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत शासन संचालित हो रहा है। जिसमें जनता ही शासक है। संविधान की प्रस्तावना के अनुसार जनता का, जनता के द्वारा, जनता का शासन, की अवधारणा से शासन व्यवस्था चल रही है। भारत में राजाओं द्वारा राज तिलक होने के अवसर पर राजपुरोहित के माध्यम से राजदंड नए राजा को प्रदान किया जाता था।

## है अंदर मतभेद !



हो रही है खींचतान ।
ना करना सहयोग ।।
है अंदर मतभेद ।
ना बनाओ योग ।।
चाहिए समर्थन तो ।
घूम रहे हर द्वार ।।
आए लेकिन सत्ता में ।
कर हम पर प्रहार ।।
दो गुट बन गए ।
है खुद में कमाल ।।
थे पहले विरोधी ।
उठना ही सवाल ।।
लेकिन सत्ता अक्सर ।
है कराती खेल ।।
भूल जाता वह कुछ ।
जो रहे थे झेल ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# नए संसद भवन के उद्घाटन की लड़ाई- NDA बनाम UPA गठबंधन तक आई

संसद के नए भवन के उद्घाटन की लड़ाई आखिरकार एनडीए बनाम यूपीए गठबंधन तक पहुंच ही गई है। इसी के साथ यह भी साफ हो गया है कि विपक्षी दलों ने एक सोची-समझी रणनीति के तहत राष्ट्रपति द्वारा संसद के नए भवन का उद्घाटन नहीं करने का मुद्दा उठाकर इसके बहिष्कार का फैसला किया है। दरअसल, 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हुए मोदी के विरोध में सभी विपक्षी दलों का एक साझा मोर्चा बनाने के लिए देश भर में राजनीतिक यात्रा करने वाले नेताओं और इन यात्राओं के पीछे मौजूद राजनीतिक दिमाग यह भांप गए कि इस मुद्दे के सहारे विपक्षी दलों को एक मंच पर लाया जा सकता है। वर्तमान में पूर्ण और शानदार बहुमत के साथ केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए गठबंधन की सरकार है।

वहीं कर्नाटक में जीत हासिल करने के बाद उत्साह और उमंग से भरी हुई कांग्रेस के नेतृत्व में भी यूपीए गठबंधन चल ही रहा है। लेकिन वास्तविकता यही है कि आज के दौर में यूपीए ही नहीं एनडीए भी कमजोर ही नजर आ रहा है। अकाली दल और उद्धव ठाकरे के अलग हो जाने के बाद अब एनडीए सिर्फ और सिर्फ बीजेपी की ताकत पर ही टिका हुआ है तो वहीं सत्ता से बाहर होने की वजह से कांग्रेस के इकबाल में भी कमी आई है। लेकिन संसद के नए भवन के उद्घाटन कार्यक्रम के बहिष्कार के बहाने ही सही कांग्रेस न केवल यूपीए गठबंधन को मजबूत करने में कामयाब होती नजर आ रही है बल्कि अपने साथ कुछ ऐसे दलों को भी जोड़ती नजर आ रही है जो पिछले कुछ सालों से लगातार कांग्रेस का विरोध ही करते नजर आ रहे हैं। देश के जिन 19





विपक्षी राजनीतिक दलों ने साझा बयान जारी कर संसद भवन के उद्घाटन कार्यक्रम के बहिष्कार का ऐलान किया है, उसमें यूपीए गठबंधन में पहले से ही शामिल डीएमके, जेएमएम, एनसीपी और आरजेडी तो शामिल हैं ही। इसके अलावा मनमोहन सिंह सरकार से समर्थन वापस लेने वाले लेफ्ट फ्रंट के साथ ही कांग्रेस के कट्टर विरोधी आप और टीएमसी जैसे दल भी शामिल हैं। इसमें सपा जैसे राजनीतिक दल भी शामिल हैं जो अपने सबसे मजबूत गढ़ यूपी में कांग्रेस के लिए कोई स्पेस छोड़ने को तैयार नहीं हैं। कांग्रेस के लिए सबसे खास बात यह भी है कि इन 19 राजनीतिक दलों के साझा बयान में कांग्रेस पार्टी का नाम सबसे ऊपर है। कांग्रेस को अब यह लगने लगा है कि मोदी विरोधी सारे दल उसके झंडे तले उसके साथ आ सकते हैं और अगर ऐसा हुआ तो बनने वाले नए मोर्चे का नाम भले ही कुछ भी हो लेकिन कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूपीए गठबंधन मजबूत होगा ही। यह माना जा रहा है कि कांग्रेस की इस यूपीए वाली राजनीति की काट के लिए ही भाजपा ने एनडीए वाला दांव चल दिया है। बुधवार को भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन में शामिल भाजपा समेत 14 दलों ने विपक्ष के 19 दलों के बहिष्कार के फैसले की घोर निंदा की और कहा कि यह महज अपमानजनक फैसला नहीं है बल्कि इस महान देश के लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक मान्यताओं पर हमला है। भाजपा, शिंदे वाली शिवसेना, एनपीपी, एनडीपीपी, एसकेएम, एमएनएफ, जेजेपी, रालोजपा, अपना दल (सोनेलाल), आरपीआई (ए), तमिल मनीला कांग्रेस, एआईएडीएमके, आईएमकेएमके और एजेएसयू ने एनडीए की तरफ से साझा बयान जारी कर विपक्षी एकता पर तंज कसते हुए कहा कि इनकी एकता, राष्ट्रीय विकास के लिए एक साझा दृष्टि नहीं, बल्कि वोट बैंक की राजनीति के लिए साझा अभ्यास है और भ्रष्टाचार के प्रति स्पष्ट रुझान व झुकाव है। ऐसी पार्टियां कभी भी भारतीय लोगों की आकांक्षाओं को पूरा नहीं कर सकती हैं। ये विपक्षी पार्टियां जो कर रही हैं, वह महात्मा गांधी, बाबा साहब आंबेडकर, सरदार पटेल और देश की ईमानदारी से सेवा करने वाले ऐसे अनगिनत अन्य लोगों के आदर्शों का अपमान है, जिन्होंने समर्पण- प्रतिबदधता से देश निर्माण में जीवन लगा दिया। विपक्षी दलों के ये काम उन महान नेताओं के मूल्यों-योगदान को कलंकित करते हैं, जिन्होंने हमारे लोकतंत्र को स्थापित करने के लिए अथक परिश्रम किया। भारत के 140 करोड़ लोग, भारतीय लोकतंत्र और उनके चुने हुए प्रतिनिधियों के प्रति विपक्ष के इस घोर अपमान को नहीं भूलेंगे।

घोषित रूप से भले ही इस मुद्दे के सहारे एनडीए गठबंधन का विस्तार होता दिखाई नहीं दे रहा है लेकिन यह भी एक सच्चाई है कि इस मुद्दे पर एनडीए में शामिल 14 राजनीतिक दलों के अलावा भी अन्य कई राजनीतिक दल उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने की बात कह कर भाजपा के प्रति अपने सॉफ्ट रुख का भी परिचय दे रहे हैं। शिरोमणि अकाली दल, बीजू जनता दल, वाईएसआरसी और टीडीपी सहित कई अन्य राजनीतिक दलों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 28 मई को किए जाने वाले उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने की बात कही है। साफ तौर पर नजर आ रहा है कि भाजपा और कांग्रेस दोनों ही 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हुए अपने-अपने कुनबे को मजबूत करने के मिशन में जुट गए हैं, हालांकि किसका कुनबा ज्यादा मजबूत होगा यह तो जनता ही तय करेगी लेकिन यह भी देखने वाली बात होगी कि किसके खेमे में कितने सेनापति (राजनीतिक दल) फाइनली खड़े नजर आते हैं।

# तालिबानी सोच रखने वालों पर पुष्पवर्षा पंजाब के हित में नहीं है

पटियाला में एक गुरुद्वारे के सरोवर के पास शराब पी रही महिला की क्रोधित श्रद्धालु ने गोली मार कर हत्या कर दी। महिला नशे की आदी और तनावग्रस्त थी। किसी पवित्र स्थल की मयार्दा भंग करना निस्संदेह एक अक्षम्य अपराध है परन्तु प्रश्न है कि दण्ड देने का अधिकार किसे हो? न्याय प्रणाली को या श्रद्धालु को? पर यहां श्रद्धालु ने विधि की मयार्दा का उल्लंघन कर दूसरा अपराध कर दिया। न्याय की दृष्टि से एक घटना से दो अपराधी जुड़ गए परन्तु यहां कसूरवारों का एक तीसरा वो वर्ग भी है जिसने हत्यारे श्रद्धालु पर पुष्पवर्षा की, उसे कौम दा हीरा बनाने का काम किया। ये तीसरा वर्ग चाहे कानून के कठघरे में नहीं है परन्तु जब घटना की सामाजिक मिमांसा होगी तो यही लोग न्याय के मन्दिर में सबसे बड़े अपराधी के रूप में खड़े दिखाई देंगे जिन्होंने तालिबानीयत पर पुष्पवर्षा की। निर्ल्लज पुष्पवर्षा संकेत है कि तालिबानीयत तेजी से समाज के स्वस्थ हिस्से को संक्रमित कर रही है और इससे रुग्ण लोग अपने जैसे बीमार जहनों को नायक बना कर कट्टरपंथ के कोढ़ में खाज का काम कर रहे हैं। देखने में आया है कि जैसे पंजाब में कट्टरपंथ को सामाजिक, धार्मिक व राजनीतिक स्वीकृति मिलती जा रही है, इस तरह की घटनाओं के खिलाफ न तो कोई बोलता है और न ही बुद्धिजीवी और न ही सिविल सोसाइटी। केवल इतना ही नहीं पन्थ से जुड़े कई धर्म संस्थान तो आरोपियों की पीठ पर खड़े दिखाई देने लगते हैं। पिछले सप्ताह पटियाला में गुरुद्वारा श्री दुख निवारण साहिब में एक महिला की गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने खुलासा किया है कि मारी गई महिला शराब पीने की आदि थी और वह तनाव में थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक गुरुद्वारे के सेवादार ने युवती को मना किया तो उसने बोतल तोड़कर सेवादार की बाजू पर मार दी। इस दौरान भीड़ इकट्ठी हो गई। युवती को गुरुद्वारा प्रबंधक के कक्ष में ले जाया गया, जहां साथ खड़े एक व्यक्ति ने पिस्तौल निकाली और चार गोलियां युवती पर चला दीं। आरोपी को जब न्यायालय में पेश किया गया तो संगत ने उसका दिल खोल कर स्वागत किया और उस पर नायकों की भांति फूलों की बरसात की गई।



वैसे पंजाब में इस तरह की तालिबानी हत्या कोई नई नहीं है। वर्ष 2015 हुई बेअदबी मामले में अब तक सात डेरा सच्चा सौदा के श्रद्धालुओं की हत्या हो चुकी है। इस वर्ष फरवरी में फरीदकोट में डेरा प्रेमी प्रदीप सिंह की हत्या कर दी गई। इससे पहले 13 जून, 2016 को गुरदेव सिंह, 25 फरवरी 2017 को सतपाल शर्मा और उसके बेटे रमेश शर्मा की खन्ना के जगहेड़ा गांव में हत्या हुई थी। 23 जनवरी, 2019 को नाभा जेल में बंद मोहिंदर पाल बिट्टू की हत्या हुई। 20 जनवरी 2020 को मनोहर लाल की बठिंडा जिले के गांव भगताभाई में हत्या हुई। इसी तरह पिछले साल दिसंबर महीने में मुक्तसर जिले के भूंदड़ गांव में चरणदास की हत्या की गई। ज्ञातव्य है कि इनमें से कई आरोपियों पर छोटी-छोटी बात को लेकर गुरु ग्रन्थ साहिब की बेअदबी के केस दर्ज करवाए गए थे और बाद में विभिन्न कट्टरपंथियों ने इनकी हत्या कर दी।

पूरे देश ने देखा कि दिल्ली की सीमा पर चले कथित किसान आन्दोलन के दौरान निहंगों ने एक दलित युवक को बैरीकेड से लटका कर उसे वीडियो पर लाइव काट डाला। इसके बाद अमृतसर के स्वर्ण मंदिर और कपूरथला के एक गुरुद्वारे में तालिबानी श्रद्धालु मानसिकता ने बेअदबी के आरोपियों की निर्मम हत्या कर दी। इसी महीने ही रोपड़ जिले में बेअदबी के आरोपी की जेल के अस्पताल में ईलाज के दौरान मौत हो गई और इसे स्वाभाविक मौत बता कर मामला रफा-दफा कर दिया गया। तोड़फोड़ से भयभीत आरोपी का परिवार पहले ही गांव छोड़ चुका था। कहने का भाव यह कि पंजाब में मयार्दा के नाम पर खुल कर खूनी और खाक का खेल खेला जा रहा है और समाज इस पर मौन धारण कर इन हत्याओं में बराबर के भागीदार बन रहा है। अपराध करना गलत है और अपराध के प्रतिक्रम में किए गए अपराध को भी उचित नहीं ठहराया जा सकता, परन्तु अपराध व अपराधियों का महिमामण्डन ऐसा घोर सामाजिक कुकर्म है जो भविष्य के अपराधी तैयार करता है। समाज की मानसिकता को बीमार करता है। दुर्भाग्य की बात है कि अपराध व अपराधियों के स्तुतिगान का दुष्परिणाम भुगतने वाला पंजाब अपने अतीत से कुछ नहीं सीख पा रहा है। जिस तरह आज कट्टरपंथ का महिमामण्डन हो रहा है किसी समय शराब, नशे व हथियारों का भी इसी तरह गुणगान किया जाता रहा, इसी का परिणाम निकला कि दूध, घी और लस्सी की धरती कहे जाने वाले पंजाब को लेकर उड़ता पंजाब जैसी फिल्में बनने लगीं। हथियारों के गुणगान ने राज्य में दर्जनों के हिसाब से गैंगस्टर पैदा किए। इन्हीं गैंगस्टरों, आतंकियों व नशा तस्करों के कोकटेल ने राज्य की अमन शांति व विकास को घुन की भांति चाट लिया। अगर कट्टरपंथियों का यशोगान यूं ही जारी रहा तो आने वाली नस्लों के लिए यही कट्टरपंथी लोग आदर्श बनेंगे। गलत आदर्श अपराधी समाज का निर्माण करेगा, जो देश-समाज के लिए कई तरह की परेशानियां पैदा करेगा। समय की मांग है कि राज्य में तालिबानीयत पर पुष्पवर्षा की प्रवृत्ति को रोका जाए। पंजाब के राजनीतिक दल, पंथक संस्थान, बुद्धिजीवी वर्ग व सामाजिक संगठन इस काम के लिए आगे आएं। यह देश के लिए चिंता का विषय होना चाहिए कि किस तरह ऋषि-मुनियों, पीरों-फकीरों व गुरुओं की धरती आज कट्टरपंथ की पौधशाला बनती दिख रही है। पहले से ही नशीले आतंक व खालिस्तानी अलगाववाद से ग्रस्त देश के सीमांत राज्य में बढ़ा हुआ कट्टरपंथ कई तरह की नई समस्याएं पैदा करेगा जो अंततः पूरे देश को प्रभावित करेगा।

# संसद भवन उद्घाटन समारोह में विघ्न क्यों

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत की राजनीति की चर्चा इन दिन देशो में नही वरन अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति के विशेषज्ञो व पंडितों के चर्चा व चिन्तन का केन्द्र बना हुआ है। केंद्र सरकार द्वारा नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह में देश के महामहिम राष्ट्रपति महोदया द्रौपदी मुर्म जी को निमंत्रण नही देने से 20 राजनीतिक दलों ने बहिष्कार करने की घोषणा की है। इनका का कहना है कि नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह में राष्ट्रपति को निमंत्रण नही दिया है। सरकार का यह कदम लोकतंत्र की हत्या करने जैसा है।

सबसे पहले नए संसद भवन के बारे जानने की कोशिस करते है। 862 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला नव र्निमित संसद भवन तैयार हो गया है,जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा स्पीकर ओम बिरला 28 मई को करेंगे। ये दिल्ली के लुटियन्स में तिकोने आकार में बना नया संसद भवन चार मंजिला है। जिसे सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट के तहत बनाया गया है। सीटों की हिसाब से देखें तो नए संसद भवन के लोकसभा में 888 सांसदों की बैठने की व्यवस्था है। राज्यसभा में 384 सांसद बैठ सकेंगे। दोनों सदनों के संयुक्त बैठक में कुल 1280 सांसद एक साथ बैठ सकेंगे। नया संसद भवन भूकंप रोधी बनाया गया है और इसके फर्श का कलर धूसर हरा(ग्रे-ग्रीन) है। संसद की नई बिल्डिंग 64 हजार 500 वर्ग मीटर में बनाई गई है। संसद में 3 द्वार बनाए गए हैं,इन्हें ज्ञान द्वार,शक्ति द्वार और कर्म द्वार नाम दिया गया है। संसद के भीतर प्रधानमंत्री,स्पीकर और नेता प्रतिपक्ष के ऑफिस को हाईटेक बनाया गया है। इसके लिए कमेटी की मीटिंग रूम भी काफी उच्तस्तरीय बनाया गया है। नए संसद भवन में साउंड क्वालिटी और माइक भी बेहतर क्वालिटी के लगाए गए हैं।

आप के मन में प्रशन उठ रहा होगा कि आखिर नएसंसद बनाने की जरुरत क्यों पड़ी। हम आप को याद दिला दे कि भारत का वर्तमान संसद साल 1927 में ब्रिटिश शासन के दौरान बनाया गया था। पुराने संसद के लोकसभा में सिर्फ 590 सांसदों के ही बैठने की व्यवस्था थी। सरकार का कहना था कि संसद का पुरानी बिल्डिंग सुरक्षा की दृष्टि से खराब हो चुका है। दुसरी बात यह कि 2026 में लोकसभा की सीटों का परिसीमन होना है और संख्या में काफी बढ़ोतरी हो सकती है। ऐसे में नई बिल्डिंग की जरुरत थी। वर्तमान ससंद भवन के मूल डिजाइन का कोई रिकॉर्ड या दस्तावेज नहीं है। जिससे इसका संशोधन काफी मुश्किल हो गया था। इस सबको ध्यान में रखकर सरकार ने बिल्डिंग बनाने का ऐलान किया।

नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह को लेकर सता पक्ष व विपक्ष में ताना तानी है। इस संदर्भ में कांग्रेस,डीएमके और तृणमूल समेत 20 दलों द्वारा एक साझा बयान जारी कर कहा गया है कि वे नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह में भाग नही लेगें। उनका कहना है कि संविधान में राष्ट्रपति को संसद का अभिन्न अंग माना गया है। इसके अलावा वे राज्य (राष्ट्र) प्रमुख भी होते हैं। ऐसे में उन्हें नए संसद भवन के उद्घाटन में नहीं बुलाना लोकतंत्र के लिए सही नहीं है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने राष्ट्रपति के न बुलाने को संवैधानिक पद का अपमान बताया हैक्राहुल ने ट्वीट कर कहा- संसद अहंकार की ईंटों से नहीं,बल्कि संवैधानिक मूल्यों से बनती है। वही इस पर अपनी प्रक्रिया देते हुए संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने बहिष्कार करने के फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। सरकार के पक्ष को मजबुत करने के लिए



केन्द्र सरकार के मंत्री हरदीप सिंह पुरी समाने आ गये । उन्होनें कहा कि इससे पहले शिलान्यास-उद्घाटन का कार्यक्रम इंदिरा और राजीव कार्यकाल का हुआ है। उन्होंने उदाहरण देते हुए विपक्ष को घेरने की कोशिश की हैक्भारत में आजादी के बाद से ही उद्घाटनऔर शिलान्यास में राष्ट्रपति के अधिकारों पर प्रधानमंत्री का वीटो लगता रहा है। इण्डिया गेट पर शहीद की यादें में अमर ज्योति जवान स्मारक का 21 जनवरी 1972 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने इसका उद्घाटन किया था। उस समय वीवी गिरी देश के राष्ट्रपति थे। विपक्षी नेताओं का कहना था कि राष्ट्रपति तीनों सेना के प्रमुख होते हैं,इसलिए उनसे इसका उद्घाटन करवाना चाहिए था। बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के लिए पाकिस्तान पर भारत ने कार्रवाई की थी। 13 दिनों तक चले इस युद्ध में भारत 3,843 जवान शहीद हुए थे। इसके बाद अमर ज्योति बनाने का सरकार ने फैसला किया था। उस समयअमर ज्योति जवान के उद्घाटन पर सवाल भी उठा था,

लेकिन युद्ध की वजह से मामला दब गया। (2)दिल्ली मेट्रो का उद्घाटन दिसंबर 2002 में राष्ट्रीय राजधानी में मेट्रो का उद्घाटन होना था। शहरी विकास मंत्रालय ने इसके लिए प्रधानमंत्री को आमंत्रण भेज दिया। उस वक्त एपीजे अब्दुल कलाम आजाद राष्ट्रपति थे। राष्ट्रीय राजधानी होने की वजह से दिल्ली केंद्रशासित प्रदेश है और यह सीधे राष्ट्रपति के अधीन होता है। उपराज्यपाल राष्ट्रपति के प्रतिनिधि के तौर पर सरकार को मॉनिटरिंग करते हैं। फाइनल मंजूरी के लिए राष्ट्रपति के पास फाइलें भेजी जाती है। दिल्ली मेट्रो के उद्घाटन के राष्ट्रपति के सर्वेसर्वा होने दलील दी गई थी। उस वक्त विपक्षी नेताओं का कहना था कि दिल्ली में राष्ट्रपति से ही मेट्रो का उद्घाटन करवाना चाहिए । (3) नेशनल वॉर मेमोरियल का

उद्घाटन-2019 में इंडिया गेट स्थित अमर जवान ज्योति के पास नेशनल वॉर मेमोरियल बनकर तैयार हुआ। उस वक्त चर्चा थी कि राष्ट्रपति इसका उद्घाटन करेंगे,लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर दिया। उस वक्त रामनाथ कोविंद राष्ट्रपति थे। शिवसेना नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने प्रधानमंत्री से उद्घाटन कराए जाने का विरोध भी किया था। उनका तर्क था कि राष्ट्रपति सभी सेनाओं के प्रमुख होते हैं,इसलिए सैन्य से जुड़े चीजों का उद्घाटन उन्हें ही करना चाहिए। वॉर मे मोरियल में 27 हजार शहीद जवानों का भी नाम लिखा है। इसके भीतर 21 परमवीर चक्र विजेताओं की मूर्ति भी बनाई गई है। वहीं युद्ध से जुड़ी यादों को भी वॉर मेमोरियल में रखा गया है। 7अक्टूबर 2015 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय राजधानी के लुटियंस जोन के भीतर राष्ट्रीय युद्ध स्मारक और संग्रहालय के निर्माण को मंजूरी दी थी,जिसके बाद इंडिया गेट और अमर ज्योति जवान को ध्यान में रखते हुए गेट के पूर्व भाग में इसका निर्माण किया गया। भारत के संविधान के अनुच्छेद 79 में कहा गया है कि भारत में एक संसद होगी,जिसमें राष्ट्रपति और दो सदन (राज्यसभा और लोकसभा) होंगे। राष्ट्रपति को संसद सत्र आहुत, सत्रावसान करना एवं लोकसभा को भंग करने की शक्ति भी है। राष्ट्रपति के पास लोकसभा के लिए आंग्ल भारतीय समुदाय से 2 सदस्य तथा राज्यसभा के लिए कला, साहित्य, विज्ञान, समाज सेवा क्षेत्र के 12 सदस्यों को मनोनीत करने का अधिकार है। यानी भारत के राष्ट्रपति संसद के मजबूत स्तंभ हैं।

# वीडियो वायरल होते ही भड़के टीडी कालेज के छात्र, किया प्रिंसिपल का घेराव, दी चेतावनी

प्रखर जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के सबसे प्रतिष्ठित कालेज में शुमार टीडीपीजी कालेज के एक टीचर का शोसल मीडिया में एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है । इस वीडियो में प्रोफेसर एक छात्रा को बीएड और टेट परीक्षा में पास कराने की बात कहते हुए उक्त छात्रा पर शारीरिक सम्बन्ध बनाने के लिए दबाव बना रहा है । यह वीडियो वायरल होते ही छात्रों में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया है। छात्रों ने प्रिंसिपल का घेराव करके आरोपी शिक्षक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने व विभागीय कार्रवाई की मांग किया। प्रिंसिपल ने मंगलवार तक कार्रवाई करने का आश्वासन देकर छात्रों को शांत कराया। टीडीपीजी कॉलेज के प्राचीन इतिहास विभाग के हेड ऑफ डिपार्टमेंट (एचओडी) डॉ प्रदीप सिंह ने ऐसी हरकत कर दी है जिससे कॉलेज ही नहीं पूरा विश्वविद्यालय प्रशासन शर्मसार है। शिक्षक के हरकत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है कॉलेज के प्राचार्य आलोक कुमार सिंह ने वायरल हो रहे वीडियो आधार पर आरोप शिक्षक से स्पष्टिकरण मांग लिया है



और पुलिस भी मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है दरअसल शिक्षक एक छात्रा के साथ सहवास कि लिए उसे उस पर दबाव बना रहा है। छात्रा ने शिक्षक की पूरी हरकत का वीडियो बना लिया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। यह वीडियो वायरल होते ही छात्रों का आक्रोश भड़क उठा , छात्रों का समूह छात्र नेता अर्पित सिंह के नेतृत्व में प्रिंसिपल डॉ आलोक सिंह का घेराव करके आरोपी टीचर के खिलाफ कसर्रवाई की मांग किया। इस दरम्यान छात्रों और कॉलेज प्रशासन के बीच तीखी नोक झोंक भी हुआ। प्रिंसिपल ने मंगलवार तक कार्रवाई करने का आश्वासन देकर छात्रों को शांत कराया। छात्र नेता अर्पित सिंह ने बताया कि हम लोग जब कालेज प्रशासन के गलत कार्यो का विरोध करते है तो मुझ पर फर्जी मुकदमा दर्ज कराकर जेल भेज दिया जाता है। आज जो वीडियो वायरल हुआ है उससे मेरे विद्यालय की गरिमा गिरी है । यदि मंगलवार तक कार्रवाई नही की गई तो हम लोग एक बडा आंदोलन करने को बाध्य होंगे। यह कालेज वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के सबसे बड़े कालेजों में शुमार है। इस कॉलेज की अपनी एक साथ रही है लेकिन कॉलेज के ही कुछ ऐसे शिक्षक हैं जो इस कालेज की साख को बट्टा लगा रहे हैं।

## नकली IAS/IPS बनकर काम कराने के लिए अधिकारियों को धमकाने वाला अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन बरामद



प्रखर मिजार्पुर। नकली IAS/IPS बनकर अधिकारीयों को फोन करके काम कराने के लिये धमकाने की बात प्रकाश में आयी। पुलिस अधीक्षक मीरजापुर संतोष कुमार मिश्रा द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए घटना से सम्बन्धित अभियुक्त की यथाशीघ्र गिरफ्तारी हेतु क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में पुलिस टीमें गठित की गयी। क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा इलेक्ट्रानिक/सर्विलांस व भौतिक साक्ष्यों के आधार पर आज दिनांक 26.05.2023 कोप्रभारी निरीक्षक थाना को0 शहर अरविन्द कुमार मिश्रा मय पुलिस बल द्वारा थाना को0शहर क्षेत्र से अभियुक्त आलोक तिवारी पुत्र योगेन्द्र प्रसाद तिवारी निवासी आवास विकास कालोनी संख्या 04, मकान नं0-200 थाना को0बाराबंकी जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया तथा गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 अदद मोबाइल फोन बरामद। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना को0 शहर पर मु0अ0सं0 56/2023 धारा 419,420 भादवि पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को मा0 न्यायालय/ जेल भेजा जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### रेहड़ी पथ विक्रेताओं का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एक जून को

प्रखर मिजार्पुर। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुये बताया है कि जनपद के रेहड़ी पथ विक्रेताओं को सूचित किया जाता है, कि दिनांक 01 जून को रमईपट्टी स्थित सिटी क्लब में स्वनिधि महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें रोजगार किये जाने एवं बढ़ाये जाने हेतु प्रधानमंत्री पथ विक्रेता आत्मनिर्भर निधि (स्वनिधि) योजना के अन्तर्गत बैंक द्वारा पात्रों को ऋण मुहैया कराया जायेगा एवं जनपद में संचालित विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित कराये जाने के साथ ही मनोरंजन कार्यक्रम की भी व्यवस्था है, एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जायेगा। रेहड़ी पथ विक्रेताओं से अनुरोध है कि भारी से भारी संख्या में पहुँचकर सरकारी सुविधाओं का लाभ उठायें तथा योजनान्तर्गत लाभ लिये जाने हेतु आधार कार्ड, एक फोटो एवं रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर साथ लायें।

### फावड़े की मार से घायल व्यक्ति की मौत

प्रखर जौनपुर। थाना जलालपुर अंतर्गत ग्राम लखमीपुर में ईंट के भट्टे पर काम करने वाले दो मजदूरों के बीच आज सुबह हुई बहस के दौरान राकेश मांझी ने छोटे मांझी को फावड़ा से मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया जंहा पर डॉक्टर ने मृत उसे घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उक्त सम्बंध में नगर क्षेत्राधिकारी कुलदीप कुमार गुप्ता ने बताया है कि आरोपी के खिलाफ मामला पंजीकृत कर कारवाई की जा रही है।

### डिवाइडर से टकराकर दो युवकों की मौत

प्रखर जौनपुर। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के बिथार हाईवे पर डिवाइडर से टकराकर दो युवकों की मौत हो गई। इसी थाना क्षेत्र के प्रेमापुर गांव निवासी लवकेश और सुजीत कुमार गुरुवार शाम के लगभग 7 बजे बाइक से बिथार गांव के पास से गुजर रहे थे कि उनके पीछे से एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मारा जिससे असंतुलित होकर इनकी बाईक सड़क पर बनी डिवाइडर से टकरा गई। दोनों खून से लथपथ अवस्था में सड़क पर पड़े हुए थे स्थानीय लोगों के सहयोग से 108 एंबुलेंस बुलाई गई। दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सक ने लवकेश पुत्र जोगेंद्र तिवारी उम्र लगभग 26 वर्ष और उसके साथी सुजीत कुमार पुत्र संपत उम्र लगभग 30 वर्ष जो दोनों प्रेमापुर थाना गौराबादशाहपुर के रहने वाले थे दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों की लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई, लगी आग

प्रखर जौनपुर। सिकरारा थाना क्षेत्र के शेरवा बाजार में गुरुवार की रात तेज रफ्तार कार के पेड़ से टकराने पर कार में आग लग गई। आसपास के लोगों ने कार का शीशा तोड़कर चालक व दूसरे यात्री को बाहर निकाला। कार चालक व उसमें सवार यात्री को सदर अस्पताल भेजवा दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार खपरहा निवासी व आरके ईट भट्ठा संचालक अशोक यादव गुरुवार रात प्रयागराज से घर के लिए निकले थे। उन्हें लेने कार का चालक लल्ला सरोज 24 वर्ष उनके घर के राजेश कुमार के साथ कार से सिकरारा जा रहें थें कि 12 बजे रात उनकी कार शेरवा बाजार में अनियंत्रित होकर दाहिनी पटरी पर स्थित नीम के पेड़ से टकराकर पलट गई। तेज आवाज सुनकर कर बाजार वाले पहुंचकर गाड़ी का शीशा तोड़ उस में फंसे दोनो लोगो को बड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। उन लोगों के निकलने के बाद कार में अचानक आग लग गई और धू - धू कर जलने लगी।

### 20 लाख की रंगदारी मांगने व दुकानदार को बंधक बनाकर मारने-पीटने का आरोपी गिरफ्तार



प्रखर मिजार्पुर। थाना चुनार पर दिनांकः 25.05.2023 को वादी विकास कुमार सिंह पुत्र दिनेश कुमार सिंह निवासी नयापुरा हांसीपुर फुलहां थाना चुनार जनपद मीरजापुर द्वारा नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध ? 20 लाख की रंगदारी मांगने व बंधक बनाकर मारने पीटने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गयी । उक्त तहरीर के आधार पर थाना चुनार पर मु0अ0सं0-189/2023 धारा 386,342,323 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा दुकानदार के साथ घटित उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए घटना से सम्बन्धित अभियुक्तों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक चुनार को निर्देश दिए गये। उक्त निर्देश के अनुक्रम में आज दिनांकः 26.05.2023 को थाना चुनार पुलिस द्वारा इलेक्ट्रानिक एवं भौतिक साक्ष्यों के आधार पर घटना से सम्बन्धित अभियुक्त पंकज सिंह पुत्र ओम प्रकाश सिंह निवासी फुलहां थाना चुनार जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त मा0न्यायालय/जेल भेजा जा रहा है । गिरफ्तार अभियुक्त पंकज उपरोक्त के विरूद्ध जनपद वाराणसी के रोहनिया थाने पर चोरी, आर्म्स एक्ट सहित अन्य धाराओं में भी अभियोग पंजीकृत है ।

### मण्डलायुक्त करेंगे विकास, राजस्व व कानून व्यवस्था की समीक्षा

प्रखर मिजार्पुर। मण्डलायुक्त डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी0 की अध्यक्षता में दिनांक 29 मई 2023 को आयुक्त कार्यालय सभागार में मण्डलीय अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास समीक्षा करेंगे। उक्त आशय की जानकारी देते हुये सुरेश चन्द्र मिश्र ने बताया कि दिनांक 29 मई 2023 को पूर्वान्ह 10 बजे से 01 बजे तक लघु सिचाई/सिचाई, विद्युत, लोक निर्माण विभाग, सेतु निगम, पशु पालन कृषि, चिकित्सा स्वास्थ्य, पंचायती राज, ग्राम्य विकास, जल निगम, खाद्य रसद, समाज कल्याण, पिछड़ा/दिव्यांग कल्याण, अल्पसंख्य एवं महिला कल्याण, बाल विकास पुष्टाहार, वन दुग्ध विकास, बेसिक शिक्षा, कौशल विकास, उद्योग विभाग, श्रम, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि, खादी ग्रामोद्योग व सहकारिता विभागों की प्रगति समीक्षा की जायेगी। तत्पश्चात अपरान्ह 02 बजे से 02:30 बजे तक गृह विभाग तथा 02:30 बजे से 04:30 बजे तक राजस्व विभाग से सम्बन्धित विभागों की प्रगति समीक्षा मण्डलायुक्त द्वारा की जायेगी। संयुक्त आयुक्त ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से कहा है कि अपने जनपद की प्रगति विवरण के साथ उपरोक्त स्थान पर पूरी तैयारी के साथ ससमय बैठक में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

### जमीनी विवाद में तीन घायल

प्रखर केराकत जौनपुर। क्षेत्र के ग्राम सुरतपुर में शुक्रवार को पूर्वान्ह लगभग साढ़े नौ बजे जमीन विवाद को लेकर दबंग पट्टीदार ने लाठी डण्डे से बुरी तरह मारपीट कर माँ-बेटियों को घायल कर दिया। गौरतलब है कि मारपीट में बविता 20 वर्ष, सरिता 22 वर्ष पुत्री सूबेदार, कान्ति देवी 48 वर्ष पत्नी सूबेदार ने गम्भीर चोटें आयी है। पीड़ित ने कोतवाली में पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगायी। वही पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

## आकाशीय बिजली से भतीजे की मौत, चाचा घायल

प्रखर मिजार्पुर। कछवां थाना क्षेत्र के गढ़ौली गांव के सामने आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक उन्नीस वर्षीय युवक की मौत हो गया। जानकारी के अनुसार ईटवां गांव, औराई जनपद भदोही निवासी महेश हरिजन पुत्र सजावन उम्र करीब 34 वर्ष अपने भतीजा पंकज हरिजन पुत्र सुरेश उम्र करीब 19 वर्ष के साथ अपने बहन के यहां दवा लेने कछवां थाना क्षेत्र के बरैनी गांव आया हुआ था। जहां से शुक्रवार की सुबह करीब आठ बजे अपने घर को मोटरसाइकिल से वापस लौट रहे थे। इस दौरान गढ़ौली गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय के समीप पहुंचा ही था कि अचानक बिजली की तेज गरज चमक के साथ बारिश होने लगा। जिसके बचाव के लिए एक पेड़ के नीचे मोटरसाइकिल रोककर इंतजार करने लगे। वही कुछ ही क्षणों में आकाशीय बिजली उनके समीप ही गिर गया जिसकी चपेट में आने से भतीजा पंकज हरिजन की तत्काल मौके पर ही मौत हो गई और चाचा महेश दूर जा गिरा। और घायल हो गया। वहीं चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग जुट गये। और ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दे दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। और घायल महेश को तत्काल एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कछवां पर भेज दिया। जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। वहीं घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

## एसपी ने पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

प्रखर जौनपुर। पुलिस अधीक्षक अजय पाल शर्मा ने द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्रांउड में शुक्रवार को परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात पुलिस लाइन में भ्रमण कर विभिन्न शाखाओं, भोजनालय, शस्त्रागार तथा बैरिकों आदि का निरीक्षण कर रख-रखाव व सफाई पर विशेष ध्यान देने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया तथा यातायात के अधिकारी/ कर्मचारीगण को गर्मी में अपने आप का ध्यान रखते हुए डियूटी का निर्वहन करने हेतु बताया गया तथा पानी ठंडा रखने वाला बोतल का वितरण किया गया।

## क्रॉस बॉर्डर सेल्स मिशन प्रोग्राम 2023 का हुआ आयोजन




प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। नेपाल में सबसे ज्यादा धार्मिक पर्यटक के रूप में सालाना लाखो भारतीय पर्यटक नेपाल आते हैं रात्रिकालीन मनोरंजन जैसे क्लबिंग, क्यासीनो डिस्को, गजल, नेपाली लोक गीत के कारण भी भारतीय पर्यटक नेपाल आते है इसके इलावा ट्रेकिंग हिमाल का खुबसुरत दृश्य अबलोकन, नावरको नजदिक से देखने के लिए जंगली जनाव चितवन राष्ट्रिय निकुञ्ज भी बहुत सारे सामुदायिक वन में जनावर का अवलोकन के लिए भी भारतीय पर्यटक आते है कोई भी विदेशी पर्यटक बिमार परजाए या कोई दुर्घटना हो जाए तो उसके लिए वर्ल्ड क्लास स्वास्थ्य सुविधा नेपाल मे उपलब्ध है चोरी और किसी अन्य घटना के लिए दक्षिण ऐशिया में पहला पर्यटक पुलीस का तैनाथी नेपाल मे है पर्यटन का और बहुत सारे खुबियो के बयान करने नेपाल का चितवन सौराहा से करिव 21 होटल का मालिक और नेपाल सरकार का प्रतिनिधि नेपाल पर्यटन बोर्ड का एक काफिला उतर परदेश का वाराणसी में है` क्रस बोर्डर सेल्स मिसन प्रोग्राम 2023 आए नाम दिया गया इस मिसन मे क्षेत्रिय होटल व्यवसायी संघ नेपाल का केन्द्रिय सदस्य सुमन घिमिरे, नेपाल पर्यटन बोर्ड का वरिष्ठ प्रदीप बस्नेत, कौलेश कुमार जनरल सेक्रेटरी एसोसिएशन आफ बुद्धिस्ट टूर, संदीप पटेल वाराणसी टूरिज्म गिल्ड, कोमल चन्द्र भगत और क्षेत्रिय होटल व्यवसायी संघ चितवन के पदाधिकारी का विशेष उपस्थिती रही `कार्यक्रम क्षेत्रिय होटल व्यवसायी संघ चितवन का अध्यक्ष गंगा गीरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी थी।

# जब मस्ती बदली मातम में !

## एक्वा जंगल वाटर पार्क में पिकनिक मनाने आए युवक को आया हार्टअटैक, मौत





प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के हिनौता गांव में स्थित एक्वा जंगल वाटर पार्क में गुरुवार को मारकुंडी सोनभद्र से परिवार के साथ पिकनिक मनाने आए एक युवक को हार्ट अटैक आ गया जिसको उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अहरौरा ले जाया गया। जिसकी स्थिति गंभीर देख चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया लेकिन ट्रामा सेंटर में उसकी देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई। एक्वा जंगल वाटर पार्क के कर्मचारियों ने बताया कि गुरुवार को मारकुंडी सोनभद्र से मोहम्मद अफजल उम्र 48 पुत्र रजुम शाह अपने परिवार के साथ पिकनिक मनाने आए हुए थे और वाटर पार्क में कपड़ा निकाल कर पूल के बाहर पैर लटकाकर मौज मस्ती कर रहे थे उसी समय अचानक उनको सीने में तेज दर्द के साथ दौरा पड़ा और युवक वही बेहोश हो गया। यह देख वाटर पार्क के कर्मचारी दौड़ पड़े और अफजल को तत्काल इलाज के लिए ।प्राथमिक चिकित्सालय ले जाया गया वहां से चिकित्सकों ने वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वही ट्रामा सेंटर में ही उसका अंत्य परीक्षण कराया जा रहा है। परिजनों ने बताया कि मोहम्मद अफजल मूल रूप से गया बिहार के निवासी थे और मारकुंडी सोनभद्र में काफी दिनों से रह कर मोटर मैकेनिक का काम करते थे वही परिवार समेत रहते थे।

## विश्व पायलट दिवस पर सम्मानित किए गए जिले के एंबुलेंस पायलट

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। 26 मई का दिन विश्व पायलट दिवस के रूप में मनाया जाता रहा है। इसी को लेकर शुक्रवार को जिला अस्पताल स्थित 102 और 108 एंबुलेंस के कार्यालय पर एंबुलेंस में कार्यरत पायलट को सम्मानित करने के साथ ही बेहतर कार्य करने वाले पायलट को सराहना पत्र जिला प्रभारी संदीप चौबे के द्वारा देकर एंबुलेंस पायलटों का हौसला अफजाई किया गया। जिला प्रभारी दीपक राय ने बताया कि साल 2012 से जनपद में 108 एंबुलेंस की सेवा निशुल्क रूप से चलाई जा रही है। इस सेवा को आमजन तक पायलट कड़ी मेहनत कर लेकर जाता है। फिर उन्हें पास के स्वास्थ्य केंद्र तक लाकर उसकी जिंदगी बचाने का काम करता है। ऐसे पायलटों का समय-समय पर विभाग के द्वारा हौसला अफजाई किया जाता है। लेकिन 26 मई जो विश्व पायलट दिवस के रूप में मनाया जाता है। ऐसे में यह दिन पायलटों के लिए खास होता है । जिसके लिए शुक्रवार को समस्त 102 और 108 एंबुलेंस के पायलटों का सम्मान कर उन्हें विभाग के द्वारा सराहना पत्र दिया गया। तुर्की का एक युवा पायलट था जिसका नाम फेसा एवरेंसेव था। फेसा ने आज ही के दिन 1912 में पहली उड़ान भरी थी। अगर बात करें फेसा की तो फेसा का जन्म तुर्की के इस्तांबुल में हुआ था। फेसा का हमेशा से ही सपना था कि वो सैन्य करियर बनाएं। इसके लिए उन्होंने सैन्य अकादमी को जॉइन किया और कैवेलरी लेफ्टिनेंट के तौर पर स्नातक पूरा किया। फेसा ने अपने पूरे करियर



के दरमियान तुर्की एयरोनॉटिकल एसोसिएशन के अंदर अलग- अलग पदों पर काम किया। इसकी वजह से वो विमानों की दुनिया में काफी पॉपुलर हो गए थे। बस फेसा के योगदान को देखते हुए ही टर्किश एयरलाइंस पायलट्स एसोसिएशन ने 26 मई को पायलट दिवस के रूप में स्थापित किया। आज के इस कार्यक्रम में अखंड प्रताप सिंह, शिवम सिंह ,आशुतोष मिश्रा के साथ ही पायलट व अन्य लोग मौजूद रहे।

## करोड़ों के खर्चे से होगा कासिमाबाद चौराहे का सुंदरीकरण

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। तहसील कासिमाबाद चौराहे पर गोलंबर और सुंदरीकरण सहित सड़क के चौड़ीकरण निर्माण कार्य का भूमि पूजन होते ही चौराहे पर मूर्ति स्थापना को लेकर राजनीति गर्म हो चुकी है। जहां एक तरफ भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने सम्राट अशोक की मूर्ति स्थापित करने की मांग उठाई है वहीं दूसरी तरफ क्षत्रिय महासभा ने महाराणा प्रताप की मूर्ति लगाने की मांग बुलंद की है। शुक्रवार को भाजपा के पिछड़ा वर्ग महामंत्री संतोष कुशवाहा के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने कासिमाबाद चौराहा पर शासन द्वारा बन रहे गोलंबर पर अशोक स्तंभ स्थापित करने की मांग को लेकर जिला अधिकारी आर्यका अखौरी को संबोधित पत्रक कासिमाबाद एसडीएम को सौंपा। इस मौके पर भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विश्व प्रकाश अकेला ने कहा कि शासन के द्वारा चौराहे पर लाखों रुपए खर्च कर सुंदरीकरण तथा चौड़ीकरण होना है। उन्होंने कहा कि मुगलकाल के समय से कासिम राजा के नाम पर रखें कासिमाबाद चौराहे का नाम सम्राट अशोक चौराहा रखने की मांग की गई है। जबकि गुरुवार को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष राजकुमार सिंह की नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल कसमाबाद चौराहे पर महाराणा प्रताप की मूर्ति स्थापित करने की मांग को लेकर एसडीएम कासिमाबाद को पत्रक सौंपा है।



## हाई टेंशन करंट की चपेट में आने से विद्युतकर्मी की मौत



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। नगसर हाल्ट थाना क्षेत्र के डोहरा गांव के पास शुक्रवार को हाई टेंशन विद्युत पोल पर चढ़कर बिजली बन रहा है एक संविदा कर्मी लाइनमैन दिवेश पांडे उम्र 23 निवासी नवली थाना रेवतीपुर की पोल में अचानक करंट आने से मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते हैं मौके पर आसपास के क्षेत्रीय नागरिकों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। लोगों ने मौत की सुचना परिजनों को दी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर ग्रामीणों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता तथा परिवार के एक व्यक्ति को नौकरी देने की मांग की है। मृतक के पिता विरजू पांडे ने बताया की दिवेश पांडे नवली गांव स्थित विद्युत सबस्टेशन पर काफी दिनों से संविदा पर लाइनमैन पद पर कार्यरत था। आज वो शट डाउन लेकर डोहरा के पास विद्युत पोल पर कार्य करने गया था। यह बताया कि उनका बेटा अपने दो भाइयों में बड़ा था। उसकी शादी कुछ साल पहले बिहार के बक्सर में रहने वाली राधा से हुई थी। उसे छह माह की एक नवजात पुत्री भी है। इस मामले में थाना अध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया की शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# हैदराबाद में नवपाषाण युग के पत्थर के औजार मिले

हैदराबाद (भाषा)। हैदराबाद में पुरातत्वविदों को नवपाषाण युग के पत्थर के दुर्लभ औजार मिले हैं जिससे संकेत मिलते हैं कि इस शहर का इतिहास करीब 6,000 साल पुराना है। नवपाषाण युग का संबंध उस अवधि से है जब मनुष्य पत्थर के बने औजारों तथा हथियारों का इस्तेमाल करते थे और खेती की शुरुआत की थी। सेवानिवृत्त सरकारी पुरातत्व अधिकारी ई शिवनागी रेड्डी ने बताया कि शहर में पहली बार नवपाषाण युग के औजार मिले हैं।

प्रख्यात पुरातत्वविद और 'प्लीच इंडिया फाउंडेशन' के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रेड्डी ने बताया कि उन्होंने और तेलंगाना के इतिहास पर काम कर रहे एक संगठन के एस हरगोपाल हाल में शहर में बीएनआर हिल्स में प्राकृतिक रूप से निर्मित चट्टानों को देखने गए जिसे स्थानीय रूप से ''टॉर्टोइज रॉक' के नाम से जाना जाता है। वे यह पता लगाना चाहते थे कि क्या वहां कोई प्रागैतिहासिक शैल चित्र



नवपाषाण युग के दो पत्थर के औजार देखे जिन्हें नवीन पाषाण युग के औजार के रूप में जाना जाता है। एक की लंबाई 12 सेंटीमीटर और दूसरे की नौ सेंटीमीटर थी। चौड़ाई 2.5 सेंटीमीटर थी...ये दो पत्थर पुरातत्व की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण हैं।

थे। रेड्डी ने बताया कि उन्होंने दो चट्टानों के बीच अंतर देखा और वहां नवपाषाण युग के पत्थरों के औजार देखे। उन्होंने कहा, 'हमने नवपाषाण युग के दो पत्थर के औजार देखे जिन्हें नवीन पाषाण युग के औजार के रूप में जाना जाता है। एक की लंबाई 12 सेंटीमीटर और दूसरे की नौ सेंटीमीटर थी। चौड़ाई 2.5 सेंटीमीटर थी...ये दो पत्थर पुरातत्व की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण हैं। ये 4,000 से 2,000 ईसा पूर्व के हैं।' उन्होंने बताया कि ये पत्थर नीचे से अच्छी तरह पॉलिश किए होते हैं और प्रत्येक औजार का एक छोर मोटा होता है ताकि उसमें लकड़ी का डंडा लगाया जा सके जिसका इस्तेमाल कुल्हाड़ी, भोजन संग्रह या आत्मरक्षा के हथ्यियार के रूप में किया जा सके। उन्होंने बताया कि ये औजार नीले ग्रेनाइट पत्थर के बने हैं। रेड्डी ने बताया कि यह महत्वपूर्ण खोज दिखाती है कि 4,000 ईसा पूर्व के आसपास ये चट्टानें नवपाषाण युग के लोगों का अस्थायी निवास स्थान थी जो कृषि, पशुपालन और शिकार पर निर्भर रहते थे। उन्होंने कहा कि यह निष्कर्ष निकलता है कि पॉश जुबली हिल्स इलाके से सटे बीएनआर हिल्स में लोग करीब 6,000 साल पहले से रहते आ रहे हैं। रेड्डी ने कहा, 'वे लोग नवपाषाण युग के थे।

# भारत में चीतों के निवास स्थलों पर लगानी चाहिए बाड़ : दक्षिण अफ्रीकी विशेषज्ञ



■ विलुप्त घोषित किए जाने के 70 साल बाद भारत में चीतों को फिर से बसाने के लिए 'प्रोजेक्ट चीता' लागू किया गया है

नई दिल्ली (भाषा)। दक्षिण अफ्रीकी वन्यजीव विशेषज्ञ विंसेंट वान डेर मर्व ने कहा है कि भारत को चीतों के दो से तीन निवास स्थलों पर बाड़ लगानी चाहिए क्योंकि इतिहास में बिना बाड़ वाले अभयारण्य में चीतों को फिर से बसाए जाने के प्रयास कभी सफल नहीं हुए हैं। वान डेर मर्व ने सचेत किया कि चीतों को फिर से बसाए जाने की परियोजना के दौरान आगामी कुछ महीनों में तब और मौत होने की आशंका है, जब चीते कूनो राष्ट्रीय अभयारण्य में अपने क्षेत्र स्थापित करने की कोशिश करेंगे और तेंदुओं एवं बाघों से उनका सामना होगा।



इस परियोजना से निकटता से जुड़े वान डेर मर्व ने कहा कि हालांकि अभी तक चीतों की मौत की संख्या स्वीकार्य दायरे में है, लेकिन हाल में परियोजना की समीक्षा करने वाले विशेषज्ञों के दल ने यह अपेक्षा नहीं की थी कि नर चीते मादा दक्षिण अफ्रीकी चीते से संबंध बनाते समय उसकी हत्या कर देंगे और वे इसकी पूरी जिम्मेदारी लेते हैं। विलुप्त घोषित किए जाने के 70 साल बाद भारत में चीतों को फिर से बसाने के लिए 'प्रोजेक्ट चीता' लागू किया गया है। इसके तहत अफ्रीका के देशों से चीतों को दो जत्थों में यहां लाया गया है।

नामीबियाई चीतों में से एक साशा ने 27 मार्च को गुर्दे की बीमारी के कारण दम तोड़ दिया था जबकि दक्षिण अफ्रीका से लाए गए एक अन्य चीते उदय की 23 अप्रैल को मौत हो गई। वहीं, दक्षिण अफ्रीका से लाई गई मादा चीता दक्षा एक नर चीते से मिलन के प्रयास के दौरान हिंसक व्यवहार के कारण घायल हो गई थी और बाद में उसकी मौत हो गई। इसके अलावा दो महीने के एक चीता शावक की 23 मई को मौत हो गई थी। वान डेर मर्व ने कहा, अभी तक के दर्ज इतिहास में बिना बाड़ वाले किसी भी अभयारण्य में चीतों को पुनः बसाए जाने की परियोजना सफल नहीं हुई है।

दक्षिण अफ्रीका में 15 बार ऐसे प्रयास हुए हैं, जो हर बार असफल रहे हैं। हम इस बात की वकालत नहीं करेंगे कि भारत को अपने सभी चीता अभयारण्यों के चारों ओर बाड़ लगानी चाहिए। हम कह रहे हैं कि केवल दो या तीन में बाड़ लगाई जाए और 'सिंक रिजर्व' भरने के लिए 'सोर्स रिजर्व' बनाए जाएं। 'सोर्स रिजर्व' ऐसे निवासस्थल होते हैं, जो किसी विशेष प्रजाति की संख्या वृद्धि और प्रजनन के लिए इष्टतम परिस्थितियां उपलब्ध कराते हैं। इन क्षेत्रों में प्रचुर संसाधन, उपयुक्त आवास और अनुकूल पर्यावरणीय परिस्थितियां होती हैं। दूसरी ओर, 'सिंक रिजर्व' ऐसे निवास स्थान होते हैं जहां सीमित संसाधन या पर्यावरणीय परिस्थितियां होती हैं और जो किसी प्रजाति के अस्तित्व या प्रजनन के लिए कम अनुकूल होती हैं। यदि 'सोर्स रिजर्व' की बढ़ी कुछ आबादी 'सिंक रिजर्व' में जाती है, तो 'सिंक रिजर्व' में अधिक समय तक आबादी बनी रह सकती है।

# 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' का फर्स्ट लुक रिलीज



मुंबई (वार्ता)। रणवीर सिंह और आलिया भट्ट की आने वाली फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' से उनका फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। फिल्मकार करण जौहर ने अपने जन्मदिन के खास मौके पर अपनी आने वाली फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' से रणवीर सिंह और आलिया भट्ट का फर्स्ट लुक रिलीज कर दिया है। फर्स्ट लुक धर्मा प्रोडक्शन के आधिकारिक सोशल हैंडल से शेयर की गई है, जिसमें फिल्म से रणवीर सिंह और आलिया भट्ट की पहली झलक की फैंस को देखने को मिली है।

धर्मा प्रोडक्शन की ओर से शेयर की गई पहली झलक में रणवीर सिंह नजर आ रहे हैं। जिसमें कैप्शन दिया गया है, 'यारों का यार, हर अवतार में शानदार और इस 'प्रेम कहानी' का दिलदार। रॉकी से मिलिए। रॉकी और रानी की प्रेम कहानी, करण जौहर के सिनेमा में 25 सल पूरे होने के मौके। सिनेमाघरों में 28 जुलाई, 2023 को। इसके अलावा 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' से आलिया भट्ट की पहली झलक भी शेयर की है। जिसमें कैप्शन दिया गया, 'दिलों को धड़काने आ रही है वो, इस प्रेम कहानी की रानी।

# नीना गुप्ता ने 'पंचायत 3' की शूटिंग शुरू की



मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री नीना गुप्ता ने वेबसीरीज 'पंचायत 3' की शूटिंग शुरू कर दी है। नीना गुप्ता, जितेंद्र कुमार और रघुबीर यादव स्टारर वेब सीरीज 'पंचायत' के बाकी दो सीजन दर्शकों के बीच काफी पॉपुलर हैं। पंचायत सीरीज की सफलता को देखते हुए मेकर्स ने सीरीज के अगले सीजन 'पंचायत 3' को लाने का फैसला किया है। नीना गुप्ता ने पंचायत 3 के सेट से एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में नीना गुप्ता 'पंचायत 3' के सेट पर मंजू देवी के लुक में नजर आ रही हैं। नीना गुप्ता गर्मी से हो रही परेशानी को बताती हुई नजर आ रही हैं।

## एक्शन थ्रिलर फिल्म में काम करेंगे शाहिद कपूर



मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर जी स्टूडियोज और रॉय कपूर फिल्म्स निर्मित एक्शन थ्रिलर फिल्म में काम करते नजर आएंगे। जी स्टूडियोज और रॉय कपूर फिल्म्स ने हाई-ऑक्टेन, एक्शन-थ्रिलर की घोषणा की है, जिसमें शाहिद कपूर मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म मलयालम निर्देशक रोशन एंड्रयूज द्वारा निर्देशित की जाएगी। शाहिद कपूर ने कहा, ऐसा विषय मिलना दुर्लभ है जिसमें एक्शन थ्रिल ड्रामा हो और सस्पेंस सब एक स्क्रिप्ट में पैक है और मैं वास्तव में इसके लिए उत्सुक हूं। यह एक जी स्टूडियोज और सिद्धार्थ रॉय कपूर के साथ सहयोग करने का सौभाग्य जिनके साथ मैंने पहले हैदर और कमीने में काम किया है। रोशन एंड्रयूज एक दिग्गज फिल्म निर्माता हैं, जिनकी मलयालम फिल्मोग्राफी शानदार है। हमने कई महीने साथ बिताए हैं अभी और ऐसे शानदार सिनेमाई दिमाग के साथ काम करना खुशी की बात होगी। इस मनोरंजक मनोरंजक और रोमांचकारी कहानी को जन-जन तक पहुंचाने के लिए मैं इतंजार है नहीं कर सकता।

निदेशक रोशन एंड्रयूज ने कहा, मैं इस मनोरंजक कहानी के साथ बॉलीवुड में पदार्पण करने और पेशेवरों की ऐसी अविश्वसनीय टीम के साथ काम करने को लेकर रोमांचित हूं। शाहिद के बेहतरीन अभिनय, एक निर्माता के रूप में सिद्धार्थ रॉय कपूर की विशेषज्ञता और ग्राउंड ब्रेकिंग कंटेंट देने के लिए जी स्टूडियोज की प्रतिबद्धता का संयोजन वास्तव में प्रेरणादायक है।

## करण के साथ मिलकर ग्यारह-ग्यारह बना रही है गुनीत मोंगा



मुंबई (वार्ता)। फिल्म निर्माता गुनीत मोंगा, करण जौहर के साथ मिलकर वेबसीरीज ग्यारह-ग्यारह बना रही है। गुनीत मोंगा ने करण जौहर के साथ करार किया है। गुनीत मोंगा का प्रोडक्शन हाउस सिखया एंटरटेनमेंट और करण जौहर का धर्मा प्रोडक्शन मिलकर एक वेबसीरीज ग्यारह- ग्यारह बना रहा है, जिसका टीजर रिलीज कर दिया गया है। ग्यारह-ग्यारह नाम की यह वेब सीरीज जी-5 पर रिलीज की जाएगी। इस सीरीज को उमेश बिष्ट निर्देशित कर रहे हैं। इस सीरीज को पूजा बनर्जी और सुंजॉय शेखर ने लिखा है। उमेश बिष्ट द्वारा निर्देशित और पूजा बनर्जी और सुंजॉय शेखर द्वारा सह-लिखित, 'ग्यारह ग्यारह ' को 1990, 2001 और 2016 की समयावधि में बनाया गया है।

## कंगना ने किया हरिद्वार का दौरा



मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने केदारनाथ धाम के बाद हरिद्वार का दौरा किया है, जिसका एक वीडियो उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। कंगना वीडियो में हरिद्वार में खूबसूरत शाम को इंजॉय करती हुई नजर आ रही हैं। इस वीडियो में कंगना ब्लैक प्रिंटेड सूट ब्लू दुप्पटे में नजर आ रही हैं। वह गंगा नदी के पास बैठी हुई हैं और कैमरे की ओर देखकर मुस्कुराती हुई दिखाई दीं। उन्होंने हरिद्वार में चाय-पकौड़े के भी आनंद लिए। वीडियो शेयर करते हुए कंगना ने कैप्शन में लिखा, हरिद्वार में एक शाम।

## ब्लडी डैडी का ट्रेलर रिलीज




मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर की आने वाली फिल्म ब्लडी डैडी का ट्रेलर रिलीज हो गया है। 'ब्लडी डैडी' में शाहिद कपूर के अलावा संजय कपूर, डायना पेंटी, रॉनित रॉय और राजीव खंडेलवाल मुख्य भूमिकाओं में हैं। ब्लडी डैडी के ट्रेलर में खतरनाक एक्शन सीन्स हैं जो शाहिद के रोल को काफी खतरनाक बना रहे हैं। 'ब्लडी डैडी' 9 जून 2023 को जियो सिनेमा पर रिलीज होगी।

## ईशा तलवार ने डिंपल के रुदाली लुक को किया रीक्रिएट



मुंबई (आईएएनएस)। स्ट्रीमिंग शो सास बहू और फ्लेमिंगो में अपने काम के लिए पॉजिटिव रिएक्शन पाने वाली एक्ट्रेस ईशा तलवार ने दिग्गज एक्ट्रेस डिंपल कपाड़िया की फिल्म रुदाली से उनके लुक को रीक्रिएट किया। सास बहू और फ्लेमिंगो में ईशा ने एक राजस्थानी लड़की की भूमिका निभाई है, जो डिंपल के चरित्र के नेतृत्व वाले ड्रग साम्राज्य का हिस्सा है। ईशा ने खुलासा किया कि सही लुक पाने के लिए उनका मुख्य संदर्भ रुदाली था। एक्ट्रेस ने कहा, कहानी राजस्थान पर आधारित है और मेरे किरदार बड़ी बहू की एक खास तरह की पोशाक है।

सही लुक पाने के लिए, मेरे संदर्भ का मुख्य स्रोत रुदाली में डिंपल मैम का लुक है। मैं शो में डिंपल मैम के लुक को रीक्रिएट करना चाहती थी। यह सीरीज एक क्राइम ड्रामा है, जो रानी कोऑपरेटिव के इर्द-गिर्द घूमती है, जो ड्रग्स की आड़ में हैंडीक्राफ्ट और जड़ी-बूटियों के कारोबार का नाटक करती है। इसमें राधिका मदान, अंगिरा धर, दीपक डोबरियाल, मोनिका डोगरा और नसीरुद्दीन शाह भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। उन्होंने आगे कहा, मैंने अपने रिसर्च के लिए रुदाली को फिर से देखा और फिर मैं उनके साथ स्क्रीन स्पेस साझा किया, जो मेरे लिए बड़ा सम्मान था। शो वर्तमान में डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग है।

## जूही ने की बेटी की ग्रेजुएशन-सेरेमनी की फोटो शेयर की

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनत्री जूही चावला ने अपनी बेटी जानवी मेहता की ग्रेजुएशन-सेरेमनी की फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की है। जूही चावला की बेटी जानवी मेहता कोलंबिया यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएट हो गई हैं। जूही चावला ने इस मौके पर अपनी बेटी की ग्रेजुएशन सेरेमनी की फोटो शेयर की है। जूही ने फोटो शेयर करते हुए लिखा, मुझे अपनी बेटी पर गर्व है। जूही और उनके पति जय मेहता फोटो में अपनी बेटी के साथ पोज देते हुए दिखाई दे रहे हैं।




## बिना बीएड के भी बन सकते हैं सरकारी शिक्षक

केंद्र सरकार के अधीन केंद्रीय विद्यालयों और नवोदय विद्यालयों के साथ-साथ विभिन्न राज्यों में निकलने वाली सरकारी शिक्षक भर्ती के लिए अनिवार्य योग्यता के अंतर्गत शिक्षा स्नातक यानी बीएड की डिग्री जरूरी होती है। आमतौर पर माना जाता है कि सरकारी और निजी स्कूलों में प्राइमरी, अपर प्राइमरी, सेकेंड्री, सीनियर सेकेंड्री लेवल पर टीचर की नौकरी हेतु आवेदन के लिए बीएड अनिवार्य है। हालांकि, ऐसा सभी मामलों में नहीं है। सरकारी शिक्षक की होने वाली सभी सीधी भर्तियों में बीएड की अनिवार्यता नहीं होती है और इन्हीं में से एक है पोस्ट ग्रेजुएट टीचर (पीजीटी) कंप्यूटर साइंस का पद। केंद्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों और राज्यों के सरकारी व निजी विद्यालयों में पीजीटी कंप्यूटर साइंस की भर्ती समय-समय निकलती रहती है और इन पदों के लिए आवेदन हेतु बीएड जरूरी नहीं है।

**क्या है पीजीटी कंप्यूटर साइंस के लिए योग्यता**

हाई स्कूल (9वीं और 10वीं) और इंटरमीडिएट (11वीं और 12वीं) के स्तर पर प्रवक्ता के तौर पर होने वाली पीजीटी कंप्यूटर साइंस की भर्ती के लिए उम्मीदवारों को कंप्यूटर साइंस या आइटी में बीई/बीटेक होना चाहिए। किसी भी स्ट्रीम में बीटेक और कंप्यूटर में पीजी डिप्लोमा किए या कंप्यूटर साइंस में एमएससी या मास्टर ऑफ कंप्यूटर अप्लीकेशन (एमसीए) या बैचलर ऑफ कंप्यूटर अप्लीकेशन (बीसीए) या डोएक का बी या सी लेवल उत्तीर्ण उम्मीदवार भी अप्लाई कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, किसी भी विषय में पोस्ट ग्रेजुएट और कंप्यूटर में पीजी डिप्लोमा किए उम्मीदवार भी पात्र होते हैं।

**प्रमोशन के लिए बीएड जरूरी**

सरकारी विद्यालयों में पीजीटी कंप्यूटर साइंस की भर्ती भले ही बिना बीएड डिग्री के होती हो लेकिन उम्मीदवारों को ध्यान देना चाहिए कि एक बार नियुक्ति हो जाने के बाद प्रोन्नति का अवसर का उन्ही शिक्षकों को दिया जाता है, जिन्होंने बीएड डिग्री प्राप्त की हो। ऐसे में पीजीटी कंप्यूटर साइंस के तौर पर भर्ती के बाद उम्मीदवारों को प्रमोशन के लिए बीएड डिग्री अनिवार्य है। ●

## असफल होने पर अपनाएं ये टिप्स

क्या आप जानते है कि ऐसी कौन सी चीज है. जिससे सफल व्यक्ति असफल होने पर भी स्वयं को बड़े ही शांत तरीके से किसी भी प्रकार के तनाव से दूर रखता है। व्यक्ति किस प्रकार असफलता में भी अपने आप को एक सफल व्यक्ति की तरह ही सहज महसूस करता है। वह असफलता के बुरे समय में भी खुद को कमजोर नहीं आंकता है और प्रयासरत रहता है इसलिए यह जानना जरूरी है. तो आइये जानिए वे कौन सी बाते है जो सफल लोगों को असफलता में भी मोटिवेटेड बनाए रखती है।



**व्यक्तिगत तौर पर न लें**

यह हमारी सबसे बड़ी गलती रहती है कि जब भी हम किसी कार्य में अक्षम या असफल हो जाते है। तो हम उस असफलता का दोष खुद को देकर अपना स्वयं का ही मनोबल गिराते है। जो हमे खुद को ही कमजोर करता है. हम खुद से ही कहते है कि हमने बड़ा दाव खेल लिया, गलत फैसला ले लिया. इस तरह से हम स्वयं को ही कमजोर करते है। समस्या जितनी बड़ी रहती नहीं उससे बड़ी हम उसे मान लेते है। हर चीज के लिए खुद को दोष देना बंद करें. और अपने जीवन में आगे बढे.

**नियंत्रण को अपने हाथ में लें** जब भी आपके आसपास या आपके साथ कोई विपरीत या अप्रिय घटना होती है तो आपको ऐसा लगता है कि चीजे आपके नियंत्रण से बहार है। जो कि स्वाभाविक है. और यह सच भी है कि अधिकतर मामलो में स्थिति आपके नियंत्रण में नहीं रहती है. जैसे परिवार में किसी का बीमार होना या फिर आपकी कंपनी के किसी भी कार्य या अभियान में आपका भी नाम होना. कई सारे अध्ययन यह बताते हैं कि जब आप कोई निर्णय लेते हैं तो आपमें आत्मविश्वास की वृद्धि होती है। और आप कुछ करने के लिए प्रेरित होते हैं। खुद को पहचानने और अपना आत्मविश्वास बनाए रखने के लिए अपने जीवन से जुड़े छोटे-छोटे निर्णय लेते रहे।

**स्वयं को भी कारण बताएं** जब भी आप किसी कार्य आदि मे असफल हो जाते है. तो आप उस असफलता का दोष दुसरो पर न मढ़ खुद पर मढ़े। जैसे कि आप किसी परीक्षा में फैल हो गए है तो आप माने की अगर आप थोड़ा और पढ़ते या थोड़ी और मेहनत करते तो आप परीक्षा में सफलता हासिल करते। इससे आप की निराशा कई हद तक कम होगी। ●

## फायर इंजीनियरिंग कर कैरियर को दें एक नयी उड़ान

12वीं कक्षा करने के बाद हर कोई चाहता है कि किसी ऐसे क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्राप्त की जाए जिससे कैरियर को नयी ऊंचाई मिल सके और बेहतर भविष्य का निर्माण हो सके। बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों को भी अपने बच्चों के लिए माथापच्ची करनी पड़ती है कि किस क्षेत्र में आगे बढ़ा जाए। अगर आप भी इसी पशोपेश में हैं तो हम आपको बताने जा रहे हैं ऐसे क्षेत्र के बारे में जिसमें आप सफल कैरियर के साथ बेहतर भविष्य का निर्माण भी कर सकते हैं और साथ ही समाज सेवा का आनंद भी ले सकते हैं। इसके अलावा इस क्षेत्र में आपको बेहतर सैलरी के साथ समाज में प्रतिष्ठा भी प्राप्त होती है।



**ये हैं कोर्स**

इस कोर्स को फायर टेक्नोलॉजी और सेफ्टी इंजीनियरिंग के रूप में जाना जाता है। यह अंडर ग्रेजुएट चार वर्षीय कोर्स है जिसको बारहवीं के बाद किया जा सकता है। इसके अलावा आप 12th के बाद बीएससी इन फायर इंजीनियरिंग कोर्स भी कर सकते हैं। अंडर ग्रेजुएट कोर्स के अलावा इस क्षेत्र में डिप्लोमा एवं पीजी डिप्लोमा कोर्स भी उपलब्ध हैं। पीजी डिप्लोमा कोर्सेज को आप स्नातक के बाद कर सकते हैं। डिप्लोमा के अंतर्गत आप डिप्लोमा इन फायर एंड सेफ्टी, रेस्क्यू एवंसर्टिफिकेट इन फायर फाइटिंग जैसे बहुत से कोर्स उपलब्ध हैं।


**क्या है योग्यता**

फायर सेफ्टी के अंडर ग्रेजुएट कोर्स करने के लिए स्टूडेंट्स ने 12वीं कक्षा विज्ञान विषयों के साथ उत्तीर्ण की हो। उन्होंने 12th की परीक्षा में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक अवश्य प्राप्त किये हों। फायर टेक्नोलॉजी और सेफ्टी इंजीनियरिंमें प्रवेश के लिए आपको जेईई मेन एवं जेईई एडवांस परीक्षा में भाग लेना होता है। इस परीक्षा को पास करने से आपको देश के टॉप कॉलेजेस/संस्थानों में प्रवेश मिल सकता है। इसके अलावा कई कॉलेज अन्य माध्यमों से भी फायर फाइटिंग कोर्सेज में प्रवेश प्रदान करते हैं।

**यहां मिलेगा रोजगार**

फायर फाइटिंग के क्षेत्र में कोर्स करने से आपके लिए रोजगार के अनेक मौके उपलब्ध हो जाते हैं। कोर्स करने के पश्चात् फायर फाइटर के लिए सरकारी एवं प्राइवेट दोनों ही क्षेत्रों में आसानी से नौकरी मिल जाती है। फायर फाइटर की नियुक्ति रेलवे, एयरपोर्ट, डिफेंस, बिजली विभाग, ओएनजीसी, रिफाइनरीज, एवं पेट्रोकेमिकल से जुड़ी कंपनियों में की जाती है। इसके अलावा अब हर सरकारी विभाग में भी एक फायर फाइटर की नियुक्ति की जाती है जिसके चलते रोजगार के अवसरों में बढ़त देखने को मिल रही है। ●





-मनुष्य की आंख में किसी वस्तु का प्रतिबिम्ब कहां बनता है?
उत्तर- रेटिना
-पृथ्वी से दिखाई देने वाला सबसे चमकीला ग्रह कौनसा है?
उत्तर-शुक्र
-भारत में भाषा के आधार बनने वाला पहला राज्य कौनसा है?
उत्तर-आंध्रप्रदेश
-द्रव सभी दिशाओं में समान दाब पारित करता है। यह कथन किस नियम से सम्बंधित है?
उत्तर-पास्कल का नियम
-मानव शरीर की सबसे बड़ी ग्रंथि का नाम क्या है?
उत्तर-यकृत
-भारत में पहली रेल कहां से कहां तक चली?
उत्तर-बम्बई (वर्तमान मुंबई) से थाने तक
-सिख इतिहास में लंगर प्रथा किसने शुरू की?
उत्तर-गुरु अंगद देव
- किसके जन्म दिवस को खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है?
-मेजर ध्यानचंद
-विटामिन 'D' की कमी से कौनसा रोग होता है?
उत्तर-रिकेट्स
-भारत के संघीय क्षेत्र 'दादरा और नगर हवेली' की राजधानी कौनसी है?
उत्तर-सिलवासा
-कंप्यूटर भाषा में WWW का अर्थ क्या है?
उत्तर-World Wide Web
-मैकमोहन रेखा किन दो देशों के बीच सीमा बनाती है?
उत्तर-भारत-चीन
-भारत पर हमला करने वाला प्रथम मुस्लिम आक्रमणकारी कौन था?
उत्तर-मुहम्मद बिन कासिम (712 ई.)
-सबसे बड़ी हड्डी कौनसी है?
उत्तर-फीमर (जांघ की हड्डी)
-कौनसा रक्त समूह सर्वदाता कहलाता है?
उत्तर-O
-कौन सा फल फ्रिज में रखने पर जहर बन जाता है।
उत्तर-तरबूज
-भारत का पेरिस कौनसा जिला हैं?
उत्तर-जयपुर
-सिंधू सभ्यता की तर्ज पर बसा नगर कौनसा हैं?
उत्तर-जयपुर
-मंकी वेली के नाम से प्रसिद्ध हैं?
उत्तर-गलता (जयपुर)
-साल्ट सिटी के नाम से प्रसिद्ध हैं?
उत्तर-सांभर (जयपुर)
-राजस्थान की हाईटेक सिटी कहलाती हैं?
उत्तर - सीकर
-ताम्रयुगीन सभ्यता की जननी कहलाती हैं?
उत्तर-गणेषवर सभ्यता
-राजस्थान का कौनसा स्थान ताबां नगरी के नाम से प्रसिद्ध हैं?
उत्तर-खेतड़ी (झुंझुंनु)
-शेखावाटी का हवामहल कहलाता हैं?
उत्तर-खेतड़ी महल (झुंझुंनु)
-राजस्थान का कौनसा जिला औजारों की नगरी के नाम से प्रसिद्ध हैं?
उत्तर-नागौर ●

## शुरू करना चाहते हैं खुद का बिजनेस तो आजमाइए ये टिप्स

कोई बिजनेस छोटा या बड़ा नहीं होता, इसे शुरू करने के लिए मेहनत और लगन की जरूरत होती है। आप अपना बिजनेस शुरू करना चाहते हैं तो आपको इसके सभी पहलुओं के बारे में जानना होगा। हालांकि बिजनेस चलाना काफी स्ट्रेसफुल हो सकता है अगर यह चल पड़ा तो आपको खुद पर गुमान भी होगा। यहां हम आपको यही बताएंगे कि आप अपना बिजनेस कैसे शुरू कर सकते हैं। आप जैसा भी बिजनेस शुरू करना चाहते हैं, उसके लिए आपके पास ऐसा दमदार आइडिया होना चाहिए कि कोई भी सुनकर कह दे व्हाट एन आइडिया सर जी। इसके लिए आपको मार्केट में रिसर्च करना होगा कि आप जो शुरू करने वाले हैं उसमें क्या अलग है। अच्छी तरह से रिसर्च करने के बाद आप इसे बिजनेस का रूप दे सकते हैं।



**बिजनेस में लगने वाली लागत**

बिजनेस शुरू करने के लिए आपको कितनी लागत लगानी होगी, इसपर भी सोचें. अगर फंडिंग की जरुरत है तो किसी इन्वेस्टर के सामने पेश करने के लिए एक सॉलिड प्लान बनाएं और बिजनेस में लगने वाली लागत को निर्धारित करें। इसमें आप प्रोडक्शन कॉस्ट, शिपिंग्स, टैक्स, वर्कर्स की सैलरी, ऑफिस (काम करने की जगह) का रेंट वगैरह शामिल कर सकते हैं।

**सक्सेसफुल होगा-आपका बिजनेस**

एक बार बिजनेस का आइडिया निकालने के बाद उसके ग्राउंड में सोचें कि आपका बिजनेस कितना बाजार में पॉवरफुल हो सकता है और होगा भी या नहीं। कई बार हम बिना सोचे समझे बिजनेस शुरू कर देते हैं जिससे काफी नुकसान होता है। इसलिए यह जरूर सोचें कि जिस बिजनेस पर आप इतना माथा खपा रहे हैं उससे आपके बिजनेस को कितना प्रॉफिट होगा।

**यूनिक बिजनेस आइडिया रखें**

बिजनेस का आइडिया हमेशा यूनिक होना चाहिए। बिजनेस में कुछ अलग होने से मार्केट में आपकी पैठ बन सकती है।

उदाहरण के तौर पर आज मार्केट में समोसे को ही ले लीजिए, कभी सिर्फ आलू समोसा बिकता था आज इसके न जाने कितने प्रकार हैं। ●

## इन पांच तरीकों से विदेश में कर सकते हैं पढ़ाई

हर साल हजारों छात्र भारत से हायर एजुकेशन के लिए विदेश जाने की योजना बनाते हैं और ऐसे छात्र पढ़ाई के लिए लोन की तलाश में रहते हैं। लेकिन अक्सर लोन लेने की प्रक्रिया उतना आसान नहीं जितना लगता है। एक रिपोर्ट के अनुसार 2024 में लगभग 1.8 मिलियन छात्रों के विदेश में जाकर हायर एजुकेशन का विकल्प चुनने की संभावना है। आइए जानते हैं कि किन तरीकों से एजुकेशन लोन को आसान बनाया जा सकता है।

**संस्थान की प्रतिष्ठा**

छात्र पढ़ाई के लिए अक्सर ऐसे देश या संस्थान को चुनने की गलती करते हैं जिसकी फीस कम होती है लेकिन वह बहुत प्रसिद्ध नहीं होता है। यह निर्णय आमतौर पर छात्र के बजट पर आधारित होता है।



हालांकि संस्थान को चुनने से पहले यह ध्यान रखना चाहिए कि किसी यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्रों की प्रसिद्धि और सफलता दर के आधार पर अक्सर कम रेट पर लोन मिल जाता है।

**अच्छा क्रेडिट स्कोर**

किसी भी अन्य लोन की तरह, एक अच्छे क्रेडिट स्कोर का मतलब है अप्रूवल के ज्यादा चांस होना। इसलिए यह सुनिश्चित करें कि आप समय पर सभी लोन का भुगतान करें।

**डॉक्यूमेंट्स हैं जरूरी**

अपने केवाईसी दस्तावेजों को जानने के अलावा, सैलरी और इनकम टैक्स रिटर्न से संबंधित कागजी कार्रवाई तैयार रखें। लोन के लिए आवेदन करने से पहले, आवेदक और कोलैटरल प्रदान करने वाले व्यक्ति के पास पिछले कुछ वर्षों के आईटीआर कागजात होने चाहिए। संस्थान से प्राप्त कंफर्मेशन लेटर वहां से प्राप्त अन्य दस्तावेजों के अलावा अपने पास रखें।

**एक्सप्लोर करें स्कॉलरशिप**

विभिन्न शैक्षणिक निकाय और संस्थान आंशिक स्कॉलरशिप देते हैं। आवेदन प्रक्रिया से पहले या उसके दौरान भी स्कॉलरशिप की तलाश करें क्योंकि लोन के साथ स्कॉलरशिप प्राप्त करने के लिए विभिन्न योजनाएं और अवसर हैं। टाटा फाउंडेशन, आगा खान फाउंडेशन और अन्य जैसे संगठनों से कुछ जीरो पर्सेंट लोन प्रोडक्ट और ग्रांट भी उपलब्ध हैं। ज्ञानधन और वी मेक स्कॉलर जैसे संगठन छात्रों को लोन और स्कॉलरशिप योजनाओं में मदद करते हैं। ●





## पैरा-निशानेबाजी में भारत ने लगाया पदकों का शतक

### अवनि ने रजत पदक पर साधा निशाना, 0.1 अंक से चूक गईं स्वर्ण

**चांगवोन (कोरिया)।** भारतीय पैरालंपिक गोल्ड मेडलिस्ट अवनि लेखरा ने यहां चांगवोन अंतरराष्ट्रीय शूटिंग रेंज में आयोजित पैरा-निशानेबाजी विश्व कप में गुरुवार को रजत पदक जीत लिया। अवनि 10 मीटर एयर राइफल में एसएच1 के फाइनल में स्वर्ण पदक से 0.1 अंक से चूक गईं। भारत की 21 वर्षीय निशानेबाज ने 24वें राउंड में 10.3 के स्कोर के साथ कुल 250.1 अंक अर्जित किए, जबकि स्वीडन की ऐना बेन्सन 250.2 अंक अर्जित कर शीर्ष पर रहीं। अवनि ने इसी के साथ पैरा-निशानेबाजी खेलों में भारत का 100वां पदक हासिल किया। इससे पहले, उन्होंने क्वालिफिकेशन में 626.5 (तीसरा) अंक हासिल किए थे। चांगवोन 2023 विश्व कप विश्व शूटिंग पैरा स्पोर्ट्स (डब्ल्यूएसपीएस) सीजन का पहला आयोजन है और पेरिस 2024 पैरालंपिक खेलों के लिए कोटा प्रदान करेगा।

## नीरज को मिली फिनलैंड में प्रशिक्षण की मंजूरी



नई दिल्ली। युवा मामलों और खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने गुरुवार को टोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा के फिनलैंड के कुओर्तने में प्रशिक्षण लेने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। नीरज को जून में विश्व एथलेटिक्स के कई स्वर्ण स्तरीय आयोजनों में हिस्सा लेना है, जिसके लिए उन्होंने फिनलैंड के कुओर्तने ओलंपिक प्रशिक्षण केंद्र में तैयारी करने का फैसला लिया है। डायमंड लीग 2022 का खिताब जीतने वाले नीरज ने पिछले साल भी यही प्रशिक्षण योजना अपनाई थी। नीरज हाल ही में डायमंड लीग के दोहा चरण में पहले स्थान पर रहे, जिसके बाद वे विश्व रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल करने वाले पहले भारतीय भाला फेंक एथलीट भी बन गए।

# MI vs GT: फाइनल का टिकट कटाने होगी जंग

### आईपीएल सीजन-16: मुंबई इंडियंस के खिलाफ पहले क्वालीफायर की गलतियों को दोहराने से बचना चाहेगी गुजरात टाइटंस

अहमदाबाद। हार्दिक पंड्या की गुजरात टाइटंस जब शुक्रवार को आईपीएल के दूसरे क्वालीफायर में मुंबई इंडियन्स का मुकाबला करने उतरेगी तो उसका लक्ष्य होगा कि वह पहले क्वालीफायर की गलतियों से सीखकर जीत दर्ज करते हुए फाइनल में जगह बनाए। दूसरी ओर, एलिमिनेटर में लखनऊ सुपर जायंट्स को 81 रन से रौंदने के बाद आत्मविश्वास से लबरेज़ रोहित शर्मा की मुंबई इंडियन्स भी गुजरात को पछाड़कर रिकॉर्ड छठे खिताब की ओर कदम बढ़ाने के लिए तैयार होगी।

### होम ग्राउंड पर गुजरात का दबदबा, 8 में से 5 मैच जीते

गुजरात भले ही पहले क्वालीफायर में चेन्नई का चेपॉक किला न भेद सकी हो, लेकिन नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर उसे हराना आसान न होगा। पंड्या की पलटन इस मैदान पर आठ में से पांच मैच जीत चुकी है, जिसमें 25 अप्रैल को मुंबई पर दर्ज की गई विजय भी शामिल है।

### गिल और शमी का इस मैदान पर हैं बोलबाला

इस मैदान पर गुजरात के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल का रिकॉर्ड भी शानदार है। वे नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर 10 पारियों में 55.66 की औसत से 501 रन बना चुके हैं, जिसमें एक शतक और दो अर्द्धशतक शामिल हैं। इसके अलावा गुजरात के अग्रणी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी भी इस मैदान पर कुल 11 मैचों में 18 विकेट चटका चुके हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ आईपीएल प्रदर्शन (दिल्ली कैपिटल्स, 11 रन, चार विकेट) भी घरेलू मैदान पर ही आया है। इन दोनों प्रतिभावान भारतीयों के अलावा भी गुजरात कई मैच-जिताऊ खिलाड़ियों से भरी हुई है, जो मौका मिलने पर मुंबई का फाइनल में पहुंचने का सपना तोड़ सकते हैं।



### हेड टू हेड में मुंबई इंडियंस पर 2-1 से भारी है गुजरात टाइटंस का पलड़ा

आमने-सामने के मुकाबलों में गुजरात मुंबई को दो बार हरा चुकी है, जबकि एक बार रोहित की टीम ने बाज़ी मारी है।

**गुजरात टाइटंस** (संभावित-11)

**हार्दिक पंड्या (कप्तान)** रिद्धिमान साहा (विकेटकीपर), शुभमन गिल, विजय शंकर, डेविड मिलर, राहुल तेवतिया, राशिद खान, दर्शन नालकंडे, नूर अहमद, मोहम्मद शमी और मोहित शर्मा।

**मुंबई इंडियंस** (संभावित-11)

**रोहित शर्मा (कप्तान)**, इशान किशन (विकेटकीपर), कैमरुन ग्रीन, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, टिम डेविड, आकाश मधवाल, अरशद खान, पीयूष चावला, क्रिस जॉर्डन, जेसन बेहरेनड्रॉर्फ।

### छक्के जड़ने में गुजरात से ज्यादा माहिर हैं मुंबई के बल्लेबाज

आईपीएल 2023 के सीज़न में मुंबई के बल्लबाजों ने सबसे ज्यादा 233 छक्के लगाए हैं। वहीं गुजरात के बल्लेबाज सिर्फ 102 छक्के ही लगा पाए हैं और वे इस रेस में काफ़ी पीछे हैं। मुंबई के तेज़ गेंदबाज़ क्रिस जॉर्डन की गेंदों का सामना गुजरात के कप्तान हार्दिक पंड्या आसानी से कर लेते हैं। अब तक खेली गई 11 टी20 पारियों में हार्दिक ने 196 के स्ट्राइक रेट के साथ रन बनाए हैं यानी 35 के औसत से 106 रन बनाने में कामयाब रहे हैं। वैसे जॉर्डन ने इन 11 पारियों में तीन बार पंड्या को आउट करने में सफलता भी हासिल की है।

### मुंबई को सूर्या, ग्रीन और मधवाल से आस

उधर, मुंबई भले ही इस सीजन एक अपेक्षाकृत नई टीम के साथ मैदान पर उतरी हो, लेकिन रोहित की कप्तानी ने उनके लिए चीजों को आसान बनाया है। जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में उत्तराखंड के आकाश मधवाल ने अपना जौहर दिखाया है, जबकि ऑस्ट्रेलियाई युवा कैमरुन ग्रीन एक फिनिशर होने के साथ-साथ ऊपरी क्रम में भी शतक जड़ चुके हैं। सूर्यकुमार यादव अगर अपने पूरे रंग में नजर आए तो अकेले ही गुजरात की गेंदबाजी पर भारी पड़ सकते हैं। गुजरात हालांकि मुंबई की छोटी-मोटी कमियों का फायदा उठाकर लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंचने के लिए आतुर होगी।

### नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर टॉस की रहेगी अहम भूमिका

नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर हार्दिक टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करना चाहेंगे। इसका मुख्य कारण यह होगा कि लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई इस मैदान पर कभी भी जीत नहीं सकी है। मुंबई भी रोहित की कप्तानी और युवा प्रतिभाओं के दम पर फाइनल में पहुंचकर चिर-प्रतिद्वंदी चेन्नई सुपर किंग्स से भेंट करना चाहेगी।

### अल्जारी जोसेफ की गेंदों पर कहर बनकर टूटते हैं रोहित

धुआंधार बल्लेबाजी करने वाले मुंबई के दोनों बल्लेबाज रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव का बल्ला गुजरात के तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ की गेंदों पर कहर बनकर टूटता है। टी20 क्रिकेट में सूर्यकुमार उनकी गेंदों पर 242 के स्ट्राइक रेट के साथ 5 मैचों में 92 रन बना चुके हैं। वहीं रोहित शर्मा जोसेफ की गेंदों पर 233 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं और अब तक चार टी20 पारियों में 56 रन बना चुके हैं। हालांकि जोसेफ ने इस दौरान दोनों ही बल्लेबाजों को एक-एक बार आउट भी किया है।

## संक्षिप्त

### कोलंबिया ने पिछड़ने के बावजूद जापान को दी मात



**ला प्लाटा अर्जेंटीना।** कोलंबिया ने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी की और ला प्लाटा स्टेडियम में देर रात जापान पर ग्रुप सी के मैच में 2-1 से जीत दर्ज की और फीफा अंडर-20 विश्व कप टूर्नामेंट के अंतिम-16 में अपनी जगह पक्की कर ली।

### यूटीटी सीजन-4 से पहले रिटेन हुए सत्यन और कमल

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल और सत्यन ज्ञानशेखरन सहित चार खिलाड़ियों को उनकी संबंधित फ्रेंचाइजियों ने अल्टिमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) लीग के आगामी चरण से पहले रिटेन किया है। आयोजकों के अनुसार, गत चैंपियन चेन्नई लायन्स ने 10 बार के राष्ट्रीय चैंपियन और खेल रत्न शरत कमल को टीम में बरकरार रखा है। पिछले सीजन की उपविजेता दबंग दिल्ली ने ज्ञानशेखरन को टीम में बरकरार रखने का फैसला लिया है।

### टीम इंडिया ने फाइनल के लिए शुरू की तैयारियां



**लंदन।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपनी टीमों के अभियान की समाप्ति के बाद लंदन पहुंच चुके भारतीय खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने गुरुवार को इसकी जानकारी देते हुए ट्वीट किया, भारतीय टीम की नई प्रशिक्षण किट का अनावरण करते हुए। साथ ही, डब्ल्यूटीसी फाइनल की तैयारियां भी शुरू हुई। उल्लेखनीय है कि बीसीसीआई ने स्पोर्ट्सवियर ब्रांड एडिडास के साथ पांच साल का अनुबंध किया है जिसके तहत भारतीय टीम की जर्सी एवं किट बदल गई है।


## बड़ा उलटफेर कर अंतिम-8 में श्रीकांत

### मलेशिया मास्टर्स : सिंधु और प्रणय भी क्वार्टरफाइनल में

कुआलालंपुर। भारतीय शटलर किदांबी श्रीकांत ने मलेशिया मास्टर्स के शीर्ष-16 राउंड में गुरुवार को थाईलैंड के कुनलावुत वितिदसर्न को 2-0 से हराकर उलटफेर को अंजाम दिया, जबकि एचएस प्रणय और पीवी सिंधु ने भी अपने-अपने मुकाबले जीतकर क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली।

श्रीकांत ने पुरुष एकल मुकाबले में विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता और इंडिया ओपन 2023 के चैंपियन वितिदसर्न को 21-19, 21-19 से मात दी। विश्व के नंबर 23 श्रीकांत पहले गेम में 1-8 से, जबकि दूसरे गेम में 13-18 से पीछे चल रहे थे, लेकिन वह दोनों बार शानदार वापसी करते हुए विश्व नंबर पांच वितिदसर्न को हराने में कामयाब रहे। यह अब तक के चार मुकाबलों में वितिदसर्न पर श्रीकांत की पहली जीत है।

क्वार्टरफाइनल में श्रीकांत का सामना शुक्रवार को इंडोनेशिया के क्रिश्चियन आदीनाता से होगा। इसी बीच, बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 500 इवेंट में अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए प्रणय ने प्री-क्वार्टरफाइनल में ऑल इंग्लैंड चैंपियन चीन के ली शि फेंग को 13-21, 21-16, 21-11 से मात दी। प्रणय अगले चरण में शुक्रवार को जापान के केंटा निशिमोतो से भिड़ेंगे।





### सिंधु ने 40 मिनट में जापानी खिलाड़ी को कर दिया ढेर

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने बिना पसीना बहाए मात्र 40 मिनट में जापान की अया ओहोरी को 21-16, 21-11 से हरा दिया। वह सेमीफाइनल में जगह पक्की करने के लिए चीन की झांग यी मैन से भिड़ेंगी। युवा भारतीय शटलर लक्ष्य सेन हालांकि प्री-क्वार्टरफाइनल में हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गए। अल्मोड़ा के इस 21 वर्षीय युवक को हांग कांग के एंगस एनजी का लॉन्ग ने 21-14, 21-19 से मात दी।

## रोमांचक मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया-ए से हारा भारत

### महिला हॉकी

एडिलेड। भारतीय महिला हॉकी टीम गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में संघर्ष के बावजूद 2-3 से हार गई। मेट स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिय-ए ने एलिस आर्नोट (18वां) के एक गोल और रूबी हैरिस (20वां, 35वां मिनट) के दो गोलों की मदद से 3-0 की बढ़त बना ली। भारत ने सलीमा टेटे (40वां मिनट) और संगीता कुमार (54वां मिनट) के गोलों की मदद से मैच के अंतिम हिस्से में शानदार वापसी की, लेकिन वह बचे हुए समय में तीसरा गोल नहीं दाग सका। मुकाबले की शुरुआत भारत के पक्ष में रही और मेहमान टीम ने 10वें मिनट में एक पेनल्टी कॉर्नर भी अर्जित किया।

ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहला क्वार्टर समाप्त होने से पहले दो पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किए, लेकिन भारतीय रक्षण ने उसे बढ़त लेने की अनुमति नहीं दी। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय टीम ने तीन मैचों की सीरीज में भारतीय महिलाओं को 2-0 से हराया था। भारत का यह ऑस्ट्रेलिया दौरा सितंबर में चीन के हांग्झोउ में होने वाले एशियाई खेलों की तैयारी का हिस्सा हैं।

## अर्पित-11 को हराकर मंत्रालय की टीम विधायक ट्रॉफी के फाइनल में



**भोपाल।** अल्हम्द ग्रुप विधायक चैंपियंस ट्रॉफी का दूसरा सेमीफाइनल मंत्रालय और अर्पित-11 के बीच खेला गया। अर्पित इलेवन ने टॉस जीतकर पहले मंत्रालय को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। मंत्रालय की शुरुआत बहुत ही खराब रही। मंत्रालय की ओर से रवि प्रकाश द्वारा 35 रन की सर्वाधिक पारी खेली गई। मंत्रालय की टीम 18.2 ओवर में 125 रन पर ऑल आउट हो गई। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने आई अर्पित इलेवन की टीम 111 रन पर ऑल आउट हो गई। मंत्रालय के कप्तान रवि पाटणकर की सूझबूझ भरी गेंदबाजी की वजह से मंत्रालय फाइनल में प्रवेश कर गई। इस मौके पर श्रीमती पूजा सिंह परमार, प्रदेश अध्यक्ष नारी सशक्तिकरण द्वारा रवि प्रकाश को मैन ऑफ द मैच से सम्मानित किया गया। शुक्रवार को अल्हम्द चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल वेदांत सुपर किंग्स और मंत्रालय के बीच खेला जाएगा। टूर्नामेंट के समापन में मुख्य अतिथि विधायक विष्णु खत्री एवं पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी जेपी यादव उपस्थित रहेंगे।

### अरेरा प्रीमियर क्रिकेट इंटर हाउस टूर्नामेंट का उद्घाटन



**भोपाल।** बहुप्रतीक्षित अरेरा प्रीमियर क्रिकेट इंटर हाउस टूर्नामेंट का शुभारंभ गुरुवार को हुआ। इस मौके पर दो वार्मअप मैच अरेरा-ए व अरेरा-बी के बीच तथा अरेरा-सी व डी के बीच खेले गए। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर बीडीसीए अध्यक्ष ध्रुवनारायण सिंह मुख्य आतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर रजत वर्मा, सचिव एवं अविनाश पाठक, उपाधयक्ष बीडीसीए भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। ध्रुवनारायण सिंह ने कहा कि वे इस प्रतिस्पर्धा के दौर में निराश न हो और अपने आप को मानसिक एवं शारीरिक रूप मजबूत बनाए रखें। किसी भी समय अवसर मिले तो उसे भुनाएं। बीडीसीए हमेशा आपकी मदद के लिए उपलब्ध है। कार्यक्रम का संचालन हेमंत ,ए मुकेश भटनागर एवं सुरेश चेनानी ने किया। इस मौके पर अनेक पालकगण एवं खिलाड़ियों की भी उपस्थिति रही।

**टेनिस** ग्रैंडस्लैम प्रतियोगिता फ्रेंच ओपन के आयोजकों ने जारी किया टूर्नामेंट का ड्रॉ

## सेमी में भिड़ सकते हैं अल्काराज़ और जोकोविच



पेरिस। ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता फ्रेंच ओपन के आयोजकों ने गुरुवार को टूर्नामेंट का ड्रॉ जारी किया, जिसके अनुसार शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज़ और दो बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच सेमीफाइनल में आमने-सामने हो सकते हैं।

विश्व रैंकिंग के नंबर एक खिलाड़ी अल्काराज़ अपने अभियान की शुरुआत एक क्वालिफायर खिलाड़ी के खिलाफ करेंगे, जबकि अपना 23वां ग्रैंड स्लैम खिताब तलाश रहे जोकोविच का सामना पहले चरण में अमेरिका के एलेक्ज़ेंडर कोवासेविच से होगा। पिछले साल रिकॉर्ड 14वीं बार रोलां गैरो का खिताब जीतने वाले राफेल नडाल कूल्हे की चोट के कारण इस साल टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। यह 2004 के बाद पहली बार होगा कि लाल बजरी के बेताज बादशाह नडाल अपने सबसे पसंदीदा टूर्नामेंट से दूर रहेंगे। रोलां गैरो 2022 के फाइनल में नडाल से हारने वाले कैस्पर रूड पहले चरण में क्वालिफायर खिलाड़ी का सामना करेंगे और क्वार्टरफाइनल में उनका मुकाबला डेनमार्क के होल्गर रूने से हो सकता है।

## महापंचायत के लिये समर्थन जुटाने प्रदर्शनकारी पहलवान हरियाणा और पंजाब दौरे पर



भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ अपने प्रदर्शन में समर्थन जुटाने के लिये विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया समेत प्रदर्शनकारी पहलवान उत्तर भारत के विभिन्न हिस्सों का दौरा करेंगे। उनका मकसद 28 मई को नये संसद भवन के सामने होने वाली महिलाओं की महापंचायत के लिये समर्थन जुटाना है। बजरंग और विनेश हरियाणा के जींद गए हैं तो रियो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साक्षी मलिक और उनके पति सत्यव्रत कादियान पंजाब गए हैं। जंतर मंतर पर धरने पर मोर्चा संभालने वाली पहलवान संगीता फोगाट ने कहा कि वे सभी अलग अलग स्थानों का दौरा करके भावी कार्रवाई की योजना को लेकर खाप नेताओं से बात कर रहे हैं। संगीता ने कहा विनेश और बजरंग जींद में खाप नेताओं से मिलेंगे जबकि साक्षी और सत्यव्रत पंजाब में महापंचायत के लिये समर्थन जुटा रहे हैं। अगर बृजभूषण को गिरफ्तार करने की हमारी मांग नहीं मानी गई तो हम नये संसद भवन के सामने महापंचायत करेंगे। सात महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे बृजभूषण के खिलाफ देश के शीर्ष पहलवान एक महीने से अधिक समय से धरने पर हैं। वे राजधानी में बंगला साहिब गुरूद्वारा, हनुमान मंदिर, राजघाट समेत विभिन्न जगहों पर जा चुके हैं। उन्होंने 23 मई को कैंडल लाइट मार्च भी निकाला।

## न्यूयॉर्क में दीपावली, चंद्र नववर्ष पर होगी छुट्टी!

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के न्यूयॉर्क राज्य की असेम्बली में दीपावली और चंद्र नववर्ष को संघीय अवकाश घोषित करने के लिए एक विधेयक पारित होने की उम्मीद है। इसी के साथ राज्य में इन त्योहारों पर औपचारिक अवकाश घोषित होने के कई विधायकों के वर्षों से जारी प्रयास सफल हो जाएंगे। असेम्बली के स्पीकर कार्ल हेस्टी ने बुधवार को एक बयान में कहा कि न्यूयॉर्क की समृद्ध एवं विविध संस्कृति को मान्यता देना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, इसलिए, असेम्बली का हमारे विधायी सत्र के बंद होने से पहले न्यूयॉर्क राज्य में चंद्र नव वर्ष और दीपावली पर छुट्टियां घोषित करने का इरादा है।

## ट्रक भिड़ाने के आरोपी को हिरासत में भेजा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक संघीय न्यायाधीश ने कहा है कि व्हाइट हाउस के निकट एक सुरक्षा अवरोधक में ट्रक भिड़ाने तथा तानाशाह एडोल्फ हिटलर की तारीफ करने वाले आरोपी भारतीय मूल के 19 वर्षीय किशोर को मामले में सुनवाई शुरू होने तक हिरासत में रखा जाएगा। आरोपी साई वशिष्ठ कंडूला के मामले की बुधवार को संघीय अदालत में हुई संक्षिप्त सुनवाई के दौरान मजिस्ट्रेट न्यायाधीश रॉबिन मेरीवेदर ने अपने फैसले में कहा कि संदिग्ध को 30 मई तक सुनवाई के पहले हिरासत में रखा जाए। कंडूला मिसौरी के चेस्टरफ़ील्ड का रहने वाला है और उसने सोमवार रात को एक ट्रक अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय के एक अवरोधक में भिड़ा दिया था।

## भारतीय वीजा प्रक्रिया में तेजी लाना प्राथमिकता

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने कहा है कि भारतीय वीजा प्रक्रिया में तेजी लाना उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और भारत में उसकी कांसुलर टीमें वीजा प्रक्रिया तेजी से पूरा करने पर खासा जोर दे रही हैं। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने इस मुद्दे पर एक सवाल के जवाब में कहा, फिर मैं विशेष रूप से अनुरोध के साथ कहूंगा-जैसा कि यह वीजा मुद्दे से संबंधित है। हम स्पष्ट रूप से मानते हैं कि यह चिंता का विषय है और हमारी कांसुलर टीमें प्रक्रिया में तेजी लाने पर खासा जोर दे रही हैं।

## महाराष्ट्र में सड़क दुर्घटना में चार की मौत

**नांदेड/नागपुर।** महाराष्ट्र के हिंगोली में बृहस्पतिवार को भेड़ों को लेकर जा रहे एक ट्रक के टाइल्स से भरे ट्रक से टकरा जाने से कम से कम चार लोगों और 150 भेड़ों की मौत हो गयी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना तड़के करीब चार बजे नांदेड़-कलामनुरी रोड़ पर मालेगांव फाटा पर हुई। दुर्घटना से कुछ समय के लिए वहां यातायात बाधित हो गया। बाद में पुलिस एवं स्थानीय लोगों ने यातायात के लिए रास्ता साफ किया। उन्होंने बताया कि भेड़ों को ले जा रहे ट्रक को टाइल्स से भरे ट्रक के पीछे से टक्कर मारने से 150 भेड़ों और चार लोगों की मौत हो गयी। ट्रक में अपने जानवरों को ले जा रहे चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी।

## यूरोपीय आयोग के जलवायु नीति प्रमुख दो दिवसीय भारत यात्रा पर

**नई दिल्ली (भाषा)।** यूरोपीय आयोग के जलवायु नीति प्रमुख फ्रांस टिम्मरमैन्स दो दिवसीय महत्वपूर्ण राजनयिक मिशन के लिए भारत आ रहे हैं।

■ कई केंद्रीय मंत्रियों के साथ करेंगे बैठक

भारत में यूरोपीय संघ के प्रतिनिधिमंडल की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, यूरोपीय हरित समझौते के कार्यकारी उपाध्यक्ष, केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव, विद्युत, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री राज कुमार सिंह, कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। इस दौरान उत्सर्जन में कमी और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अब तक हुई प्रगति पर बातचीत होगी इस वर्ष के अंत में दुबई में होने वाले पर्यावरण संरक्षण और संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन पर भी चर्चा की जाएगी। टिम्मरमैन्स 'काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वॉटर' द्वारा आयोजित एक उच्च-स्तरीय गोलमेज बैठक में हिस्सा लेंगे जो विचारों का आदान-प्रदान करने और स्थायी ऊर्जा समाधानों की दिशा में एक मार्ग तैयार करने के लिए राष्ट्रीय थिंक टैंक, नागरिक समाज संगठनों और व्यापार प्रतिनिधियों को एक साथ लाएगा। वह भारतीय उद्योग परिसंघ के वार्षिक सत्र 2023 को भी संबोधित करेंगे।

## हिमालयी कच्चे पहाड़ों के लिए ईजाद हुई पर्यावरण अनुकूल सुरंग तकनीक

**देहरादून।**

उत्तराखंड के कच्चे या युवा मिट्टी वाले कम पथरीले पहाड़ों में प्रकृति एवं पर्यावरण के अनुकूल सुरंग बनाने की नई तकनीक की ईजाद हुई है जिसे विश्व भर में सराहा जा रहा है। इसकी जानकारी रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी। उत्तराखंड में ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेलवे लाइन परियोजना में इस तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। वैष्णव ने कल देर शाम मुख्यमंत्री आवास में आयोजित एक कार्यक्रम में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि ऋषिकेश और कर्णप्रयाग के बीच एक नई ब्रॉडगेज रेल लाइन उत्तराखण्ड राज्य की बेहद महत्वपूर्ण विकासात्मक परियोजना है। यह 125 किलोमीटर की लाइन में 104 किलोमीटर सुरंगें बनी है।

उन्होंने कहा कि हिमालय में पहली बार टीबीएम (टनल बोरिंग मशीन) का प्रयोग किया जा रहा है। पहले सुरंग एनएटीएम तकनीक से बनाई जाती है। लेकिन अब वैज्ञानिकों एवं अभियंताओं ने हिमालयन टनिलंग मैथड को ईजाद किया है। रेल मंत्री ने कहा कि सुरंग में स्थिरता लाने के लिए पारंपरिक डिजाइन को बदल कर अर्ध दीर्घवृत्ताकार बनाया गया है जिससे पहाड़ के दबाव को ही सुरंग की स्थिरता का कारक बनाया गया है। इस प्रकार से सुरंग बनाने के लिए पर्यावरण एवं प्रकृति का तकनीक से सामंजस्य स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा, हम कहते है कि पहाड़ महाराज, हमको थोड़ा रास्ता दे दो।

उन्होंने कहा कि अभी तक ऑस्ट्रिया एवं स्विट्ज़रलैड की डिजाइन एवं तकनीक को विश्व में सबसे उत्तम माना जाता था लेकिन कम चट्टान एवं अधिक मिट्टी वाले पर्वतीय क्षेत्र में भारत की हिमालयन टनिलंग मैथड की उन देशों में भी प्रशंसा हो रही है। उन्होंने कहा कि कि इस विधि पर एक शोध पत्र तैयार किया गया है और उसे कई बड़े मुल्कों ने साझा करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि सुरंग बनाने की नई तकनीक का सड़क परियोजनाओं और अन्य अवसंरचना परियोजनाओं में भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

## नैन्सी पेलोसी की मेज पर पैर रखने वाले दंगाई को जेल

**वाशिंगटन (आईएएनएस)।** 2021 कैपिटल हिल दंगे के दौरान यूएस हाउस की पूर्व स्पीकर नैन्सी पेलोसी की डेस्क पर पैर रखने वाले रिचर्ड बिगो बार्नेट को साढ़े चार साल जेल की सजा सुनाई गई है। 63 वर्षीय बार्नेट सेवानिवृत्त फायर फाइटर है। उसे सिविल डिसऑर्डर सहित आठ आरोपों में जनवरी में दोषी ठहराया गया था।

■ साढ़े चार साल जेल मे रहना होगा

अदालत के दस्तावेजों के अनुसार, जब दंगा चल रहा था, बार्नेट ने पेलोसी के कार्यालय में 10 मिनट बिताए। उस समय बार्नेट ने पेलोसी की मेज पर अपने पैर रखे और पूर्व हाउस स्पीकर को एक नोट लिखा। अदालत के दस्तावेजों से यह भी पता चला कि बार्नेट के पास एक स्टन गन थी और उसने कार्यालय से एक लिफाफा लिया। अभियोजकों ने कहा कि उसने अन्य दंगाइयों को लिफाफा दिखाते हुए कैपिटल छोड़ दिया जैसे कि यह ट्रॉफी हो। न्यायाधीश कूपर ने कहा, मैं यह सोचकर कांप जाता हूं कि अगर वे कर्मचारी वहां होते, या भगवान न करे, तो क्या होता। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, पेलोसी को अन्य सांसदों के साथ चैंबर फ्लोर से भागने के लिए मजबूर होना पड़ा, क्योंकि राष्ट्रपति के रूप में जो बाइडेन के प्रमाणीकरण को अवरुद्ध करने के प्रयास में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के समर्थकों ने कैपिटल बिल्डिंग पर धावा बोल दिया था।

## भारतीय-अमेरिकी छात्र को प्रोबेशन की सजा

■ **न्यूयॉर्क (आईएएनएस)।**

बलात्कार के प्रयास के आरोप का सामना कर रहे इंडियाना विश्वविद्यालय के पूर्व भारतीय-अमेरिकी छात्र ने आपराधिक कारावास के लिए खुद को दोषी माना। उसे एक वर्ष से अधिक के प्रोबेशन की सजा सुनाई गई है।

■ बलात्कार के प्रयास का आरोप

22 वर्षीय कल्प पटेल को जनवरी 2022 में विश्वविद्यालय के ब्लूमिंगटन परिसर के अंदर अपने छात्रावास के कमरे में अपनी महिला आवासीय सहायक के साथ बलात्कार करने के प्रयास के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पटेल पर गला घोंटने, यौन शोषण, नुकसान पहुंचाने, कानून प्रवर्तन का विरोध करने और शराब रखने का भी आरोप लगाया गया था। डब्ल्यूटीएचआर न्यूज चैनल ने पिछले हफ्ते रिपोर्ट दी थी कि उन सभी आरोपों को एक समझौते के हिस्से के तहत हटा दिया गया था। उसे 546 दिनों के प्रोबेशन की सजा सुनाई गई, लेकिन जेल नहीं दी गई।

16 जनवरी, 2022 को महिला आवासीय सहायक को यूनियन स्ट्रीट सेंटर बिर्च हॉल में छात्रावास के अंदर पटेल के चिल्लाने की सूचना मिली थी। वह देखने गई। महिला आवासीय सहायक ने दरवाजे को कई बार खटखटाया, लेकिन जब कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो उसने छात्रावास के कमरे को एक मास्टर चाबी से खोला। सहायिका ने पुलिस को बताया कि उसने पटेल को मेज पर गिरा पाया तो उसने एंबुलेंस के लिए 911 पर कॉल किया। उसने आगे कहा कि पटेल ने अचानक उस पर हमला किया और उसका यौन उत्पीड़न करने की कोशिश की।

अदालती दस्तावेजों के अनुसार, पटेल महिला के ऊपर चढ़ गया, उसका गला दबाया, उसे छुआ और उसकी उंगलियों को काटा। पटेल ने जांच के दौरान पुलिस को बताया कि वह पास के कैंपस व्यू अपार्टमेंट में दो टीएचसी-लेस गमी बियर ले गया, फिर वापस अपने छात्रावास के कमरे में चला गया।

## हरियाणा में गठित होगी NRI सेल

**पंचकूला।**

हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य सरकार विदेशों में रहने वाले हरियाणा के मूल निवासियों की शिकायतों को दूर करने और उनके हितों की रक्षा के लिए स्पेशल 'नॉन - रेजिडेंट इंडियन (एनआरआई) सेल' स्थापित करने पर तेजी से काम कर रही है।

■ हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने दी जानकारी



मुख्य सचिव ने यह जानकारी पंचकूला में विदेश मंत्रालय के सहयोग से हरियाणा के विदेश सहयोग विभाग द्वारा आयोजित 'विदेश संपर्क प्रोग्राम' कार्यक्रम के दौरान दी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रवासियों से संबंधित मुद्दों से निपटने के लिए प्रवासियों और राज्य सरकारों के साथ साझेदारी को बढ़ावा देना है। मुख्य सचिव ने बताया कि ये एनआरआई सेल पुलिस विभाग से स्वतंत्र रूप से संचालित होंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा को अपनी धार्मिक और सांस्कृतिक विविधता पर गर्व है, यहां हिन्दू ,सिख, मुसलमानों के अलावा अन्य धर्मों के लोग भी सामाजिक सद्भाव से रहते हैं। उन्होंने कहा कि यहां आधिकारिक भाषा हिंदी के अलावा पंजाबी भाषा को दूसरी भाषा के रूप में मान्यता दी गई है और पंजाबी भाषा को बढ़ावा देने के लिए शिक्षकों की भर्ती के प्रयास किए गए हैं। संजीव कौशल ने प्रदेश की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हरियाणा का कोई युवा विदेश में जाने और जॉब करने की इच्छा रखता है तो उसको 'युवा अधिकारिता और उद्यमिता विभाग' द्वारा कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार विदेशों में उच्च शिक्षा और रोजगार के अवसरों के बारे में युवाओं को शिक्षित करने के लिए विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में सक्रिय रूप से सेमिनार आयोजित कर रही है ताकि युवा विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, छात्रवृत्ति कार्यक्रमों, प्रवेश प्रक्रियाओं और विदेशों में रोजगार की संभावनाओं के बारे में ज्ञान प्राप्त कर सकें। विदेश मंत्रालय में सचिव डॉ. औसाफ सईद ने विदेश नीति को तैयार करने और अंतरराष्ट्रीय संबंधों के प्रबंधन के साथ-साथ सांस्कृतिक जुड़ाव को बढ़ावा देने में मंत्रालय द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि इस नीति का मुख्य उद्देश्य अपने देश के नागरिकों के लिए अनुकूल बनाना है। उन्होंने युवाओं को फर्जी इमीग्रेशन एजेंटों और ग़लत तरीके से विदेशों में जाने से होने वाले नुकसान के प्रति आगाह किया। विदेश सहयोग विभाग के महानिदेशक अशोक कुमार मीणा ने इस अवसर पर विदेशी समकक्षों के साथ द्विपक्षीय वार्ता और विचारों के आदान-प्रदान में विभाग की सक्रिय भागीदारी पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मनिका जैन, अतिरिक्त सचिव (डीई), विदेश मंत्रालय, अनुराग भूषण, अतिरिक्त सचिव (ईपी एंड डब्ल्यू), विदेश मंत्रालय, पंचकूला की उपयुक्त डॉ. प्रियंका सोनी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## कुंभ अभिषेक में पहुंचे राज्यपाल दत्तात्रेय

**चंडीगढ़।**



राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय बीते बुधवार की देर शाम को चंडीगढ़ स्थित श्री कार्तिकेय स्वामी मंदिर में हुए कार्यक्रम के दौरान संस्था के चेयरमैन एवं पूर्व डीजी के सेल्वराज के साथ एक बालिका को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए। फोटो : एसएनबी

संसार में जन्मे सभी प्राणियों में मनुष्य जीवन सबसे श्रेष्ठ है, जिसे भगवान ने अन्य प्राणियों की अपेक्षा मन, बुद्धि व आत्मा अलग से प्रदान की है, जिसका हमें सदुपयोग करके अपने जीवन को पावन-पवित्र, स्वच्छ व शुद्ध बनाना चाहिए। ये उद्गार हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने बुधवार को सेक्टर-31डी स्थित भगवान श्री कार्तिकेय स्वामी मन्दिर में चंडीगढ़ तमिल संगम-तमिल मनरम (रजि) संस्था द्वारा आयोजित 'कुंभ अभिषेक पूजा एवं हवन' धार्मिक कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रकट किए। उन्होंने कहा कि मुझे बेहद खुशी है कि आज भगवान कार्तिकेय स्वामी जी के मंदिर में आयोजित गरिमापूर्ण, भव्य-पावन पवित्र 'कुंभ अभिषेक पूजा एवं हवन' में शामिल होते हुए भगवान कार्तिकेय स्वामी जी की पूजा आराधना करने और हवन-कुंड में आहुति देने का परम सौभाग्य मिला है, जिससे मैं धन्य हो गया हूं और खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं।

बाद में राज्यपाल ने मंदिर में प्रवेश कर भगवान श्री कार्तिकेय स्वामी सहित सभी देवी देवताओं की पूजा आराधना की और भगवान श्री कार्तिकेय स्वामी को चांदी से निर्मित माला अर्पित की। मौके पर संस्था के चेयरमैन एवं हरियाणा के पूर्व डीजी के सेल्वराज, पूर्व मुख्य सचिव एवं संस्था के अध्यक्ष जी माधवन, महासचिव एसपी राजाशेखरण, कोषाध्यक्ष शिवा सुब्रामनियम एवं संयुक्त कोषाध्यक्ष गुणा शेखरण व अन्य उपस्थित रहे।

## देश के जलाशयों में क्षमता का मात्र 31 फीसद जल भंडार

**नई दिल्ली।**

देश में जल विद्युत परियोजनाओं से संबद्ध कुल 146 जलाशयों में क्षमता का मात्र 31 फीसद जल भंडार है जो पिछले वर्ष की तुलना में मात्र 95 फीसद है। इन जलाशयों में कुल जल भंडार की स्थिति 54.577 बीसीएम है जो पिछले दस वर्षों के औसत का 123 फीसद है।

■ पिछले वर्ष की तुलना में है मात्र 95 फीसद जल

■ कुल जल भंडार की स्थिति 54.577 बीसीएम

■ पिछले दस वर्षो के औसत का 123 फीसद भंडार

केंद्रीय जल आयोग जल विद्युल परियोजनाओं से संबंधित देश के 146 जलाशयों की जल संग्रहण स्थिति की नियमित रूप से निगरानी करता है। इन जलाशयों में से 18 जलाशय 34.960 बीसीएम की कुल जल संग्रहण क्षमता वाली जलविद्युत परियोजनाओं के है। सभी 146 जलाशयों की कुल जल संग्रहण क्षमता 178.185 बीसीएम है जो देश में अनुमानित 257.812 बीसीएम जल संग्रहण क्षमता का लगभग 69.11 फीसद है। इन जलाशयों में मौजूदा उपलब्ध जल संग्रहण 54.577 बीसीएम है, जो इन जलाशयों की कुल संग्रहण क्षमता का 31 फीसद है। हालांकि, पिछले साल इसी अवधि में इन जलाशयों में उपलब्ध जल भंडार 57.221 बीसीएम था और पिछले 10 वर्षों के लाइव स्टोरेज का औसत 44.343 बीसीएम था। सभी 146 जलाशयों में उपलब्ध जल संग्रहण पिछले वर्ष की इसी अवधि के संग्रहण का 95 फीसद और पिछले दस वर्षों के औसत संग्रहण का 123 फीसद है।

उत्तरी क्षेत्र के हिमाचल प्रदेश, पंजाब और राजस्थान में 19.663 बीसीएम की कुल संग्रहण क्षमता वाले 10 जलाशयों में उपलब्ध कुल संग्रहण 7.343 बीसीएम है जो इन जलाशयों की कुल संग्रहण क्षमता का 37 फीसद है। पूर्वी क्षेत्र के झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, नगालैंड और बिहार के जलाशयों में उपलब्ध कुल संग्रहण 5.095 बीसीएम है जो इन जलाशयों की कुल संग्रहण क्षमता का 25 फीसद है।

## इमरान खान की मुश्किलें बढ़ीं

■ **इस्लामाबाद (भाषा)।**



पाकिस्तान की सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी के साथ-साथ पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के 600 से ज्यादा नेताओं और पूर्व जनप्रतिनिधियों के देश छोड़ने पर रोक लगा दी है। मीडिया में आई खबरों में बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी गई।


■ अब देश छोड़ने पर लगी रोक

खान को भ्रष्टाचार के एक मामले में नौ मई को गिरफ्तार किया गया था जिसके बाद देशभर में हिंसक प्रदर्शन हुए थे। इसके बाद से पीटीआई प्रमुख खान समेत पार्टी के कई शीर्ष नेता आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं। संघीय जांच प्राधिकरण (एफआईए) के सूत्रों के हवाले से 'जियो न्यूज़' ने खबर दी है कि नौ मई को हिंसा और शहीद स्मारकों के अपमान में संलिप्तता को लेकर पीटीआई प्रमुख और पार्टी के अन्य नेताओं के नाम सूची में शामिल किए गए हैं। हालांकि, खान की पार्टी की ओर से इस घटनाक्रम की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

सूत्रों ने बताया कि नामों को एफआईए की प्रांतीय राष्ट्रीय पहचान सूची (पीएनआईएल) में शामिल किया गया है ताकि वे विदेश न जा सकें। सूत्रों ने दावा किया कि पीटीआई के कुछ नेताओं और पदाधिकारियों ने पिछले तीन दिनों में मुल्क छोड़ने की कोशिश की। हालांकि उन्हें हवाईअड्डों पर रोक दिया गया। सूची में मुराद सईद, मलीका बुखारी, फवाद चौधरी, हम्माद अजहर, कासिम सूरी, असद कैसर, यास्मीन राशिद और मियां असलम इकबाल के नाम शामिल हैं। फवाद चौधरी पहले ही पार्टी छोड़ चुके हैं लेकिन उनका नाम उन लोगों में शामिल किया गया है जो पाकिस्तान से बाहर नहीं जा सकते हैं। इससे पहले 'समा' समाचार चैनल ने खबर दी थी कि संघीय सरकार ने खान और उनकी पत्नी समेत 80 लोगों के नाम उड़ान निषेध सूची में शामिल करने का फैसला किया है। चैनल के मुताबिक, संबंधित संस्थानों की सिफारिश पर पीटीआई के नेताओं के नाम सूची में डाले गए हैं।

## मुख्यमंत्री ने दी 113 स्कूल को अपग्रेड करने को मंजूरी

**चंडीगढ़।**



मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सिरसा के गांव में जनसंवाद कार्यक्रम में प्रदेश में हाईस्कूलों को सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में अपग्रेड करने की जो घोषणा की थी, उसे पूरा करते हुए बृहस्पतिवार को प्रदेशभर में 113 हाई स्कूलों को अपग्रेड करने की मंजूरी दे दी। प्रदेश सरकार द्वारा नियमों में छूट/राहत देते हुए पहले चरण में इन स्कूलों को अपग्रेड करने के बाद चरणबद्ध तरीके से अन्य स्कूल भी अपग्रेड किए जाएंगे। प्रदेश भर में जिन स्कूलों में 9वीं व 10वीं कक्षा में विद्यार्थियों की संख्या 80 या अधिक है, एक एकड़ या इससे अधिक भूमि उपलब्ध है तथा सबसे निकटतम सीनियर सेकेंडरी स्कूल 3 किमी या इससे अधिक दूरी पर है, ऐसे सभी स्कूलों को अपग्रेड किया जाएगा। इस लिहाज से 20 जिलों के 64 खंडों में 114 स्कूल अपग्रेड होंगे। इनमें सिरसा में 13, करनाल में 11 व जींद तथा हिसार में 10-10 स्कूल शामिल हैं।

■ नियमों में छूट/राहत देते हुए पहले चरण में इन स्कूलों को अपग्रेड करने के बाद चरणबद्ध तरीके से अन्य स्कूल भी अपग्रेड किए जाएंगे

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप 12वीं कक्षा तक सभी विद्यार्थियों के लिए शिक्षा की सार्वभौमिक पहुंच व उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए स्कूल अपग्रेड किए जाएंगे। सिरसा के डबवाली खंड में 4 स्कूल, सिरसा खंड में 4, नाथूसरी चौपटा में एक, रानियां तथा ओढ़ा खंड में 2-2 स्कूल अपग्रेड होंगे। करनाल में इंद्री खंड में 2, घरौंडा में 3, नीलोखेड़ी में 2, करनाल में 2, असंध व निसिंग में 1-1 तथा हिसार में हिसार-।। खंड में 3, उकलाना में 2, बरवाला, अग्रोहा, हांसी, हिसार-1 व आदमपुर खंडों में 1-1 स्कूल, जींद में पिल्लूखेड़ा खंड में 2, नरवाना में 4 और सफीदों, जुलाना, जींद व अलेवा खंडों में 1-1 स्कूल को अपग्रेड किया जाना शामिल है।

## तमिलनाडु में सिंगापुर के पूर्व पीएम ली कुआन यू का बनेगा स्मारक

■ **सिंगापुर (वार्ता)।**



तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा है कि राज्य सरकार तिरुवरूर जिले के मन्नारगुडी में सिंगापुर के पूर्व प्रधानमंत्री ली कुआन यू के स्मारक का निर्माण करेगी।

स्टालिन राज्य में निवेश को आकर्षित करने के लिए सिंगापुर और जापान की अपनी आधिकारिक यात्रा के दौरान बुधवार रात सिंगापुर में तमिल समुदाय को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम का आयोजन सिंगापुर के गृह एवं कानून मंत्री के षणमुगम की उपस्थिति में सिंगापुर के तमिलों संघों ने किया। ली कुआन यू के स्मारक के निर्माण की घोषणा करते हुए स्टालिन ने कहा कि स्मारक में उनकी प्रतिमा से साथ एक पुस्तकालय भी बनेगा।

स्टालिन ने कहा कि 'सिंगापुर के पिता' के नाम से प्रसिद्ध ली कुआन यू तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री सीएन अन्नादुरई से बहुत प्रभावित थे और उनके निधन पर उनके पिता एवं राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एम. करुणानिधि ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की थी।

## बिना भेदभाव सभी क्षेत्रों में हुआ विकास : सीएम

**नारनौल।**

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि पिछले साढ़े 8 वर्षो में प्रदेश भर में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य हुए हैं। इसके अलावा आमजन को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए सभी योजनाओं को ऑनलाइन करके सरल प्रणाली लागू की है ताकि आमजन को घर बैठे योजनाओं का लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री बृहस्पतिवार को महेंद्रगढ़ में नारनौल हलके के गांव ढाणी बाठोठा में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने गांव के 3 बच्चों मयंक, अन्नू व ओमपाल को उनके जन्मदिवस की बधाई दी और उन्हें उपहार देकर सम्मानित भी किया। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने गांव के 10 वीं व 12वीं कक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले 6 विद्यार्थियों मनीष, दीपक, परीक्षित, अंशुल, बबली व सपना को उपहार देकर सम्मानित किया और उनकी हौसला अफजाई की। इस दौरान ग्रामीणों की मांग पर मुख्यमंत्री ने गांव में 2 एकड़ भूमि पर व्यामशाला बनाने की घोषणा की और गांव के तालाब से पानी निकालने के लिए कृष्णावती नदी तक पाइप लाइन बिछाने की घोषणा की। कार्यक्रम के दौरान एक महिला ने अपने प्लाट पर हुए अवैध कब्जे की शिकायत की जिस पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधीक्षक को अगले 7 दिनों में समाधान करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार, एक वृद्धजन का आयुष्मान कार्ड न बनने पर अतिरिक्त उपायुक्त को निर्देश दिए कि 2 दिन में उनका आयुष्मान कार्ड बनवाया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हर परिस्थिति में किसानों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि बेमौसम हुई बरसात के कारण सरसों में हुए नुकसान का मुआवजा भी जल्द किसानों को दें दिया जाएगा।



हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल जिला महेन्द्रगढ़ के नांगल चौधरी में निजामपुर से जयपुर (राजस्थान) के लिए नई बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए। साथ में हैं सैनिक एवं अर्ध सैनिक कल्याण राज्य मंत्री श्री ओम प्रकाश यादव, विधायक डॉ. अभय सिंह व गणमान्य।

**गांव के 83 युवाओं को मेरिट पर मिली नौकरियां :** मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार के कार्यकाल में बिना किसी भेदभाव के मेरिट के आधार पर नौकरियां दी गई है। उन्होंने कहा कि इस गांव के 83 युवाओं को अपनी योग्यता के बल पर नौकरियां मिली है। इसके अलावा, गांव के 111 लोगों ने आयुष्मान भारत योजना का लाभ उठाते हुए अपना इलाज करवाया है।

**जरूरतमंदों के सिर पर छत का सपना पूरा करने के लिए प्रदेश में बनाए जाएंगे एक लाख मकान :** मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीब व जरूरतमंदों के लिए आशियाने का सपना पूरा करने के लिए राज्य सरकार भरसक प्रयास कर रही है। इसी दिशा में शीघ्र ही प्रधानमंत्री आवास योजना के अगले चरण में एक लाख नए मकान बनाने की प्रक्रिया आरंभ होगी और जरूरतमंदों का अपने घर का सपना पूरा होगा। मुख्यमंत्री बृहस्पतिवार को महेंद्रगढ़ जिला के गांव मंडलाना में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों से संवाद कर रहे थे।

**लॉजिस्टिक हब व आईएमटी से बढ़ेंगे रोजगार के अवसर :** मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों को महेंद्रगढ़ जिला के ढांचागत विकास से जुड़ी 2 महत्वपूर्ण परियोजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि लॉजिस्टिक हब तथा गांव खुड़ाना में आईएमटी के निर्माण से क्षेत्र में रोजगार के लाखों अवसर पैदा होंगे।

**ऑनलाइन सिस्टम से फीडरवार होगी बिजली आपूर्ति की मॉनीटरिंग :** मुख्यमंत्री ने बिजली आपूर्ति संबंधी एक विषय पर कहा कि शीघ्र ही एक ऑनलाइन व्यवस्था पर काम किया जा रहा है, जिससे फीडरवार बिजली की रियल टाइम आपूर्ति के बारे में मॉनीटरिंग होगी। मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायतों में ई-टेंडरिंग व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों से पूछा कि आपको यह व्यवस्था कैसी लगी तो कार्यक्रम में पहुंचे जनसमूह ने हाथ उठाकर भ्रष्टाचार मुक्त -पारदर्शी व्यवस्था के लिए उनका समर्थन किया।

# बाल विवाह के अभियोग से सम्बन्धित 11 अभियुक्त गिरफ्तार



प्रखर मिजार्पुर। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना थाना राजगढ़ पुलिस बल को बड़ी सफलता हाथ लगी है। दिनांकः25.05.2023 को थाना राजगढ़ पर जनपद सोनभद्र निवासी एक व्यक्ति द्वारा सूचना दिया गया कि थाना राजगढ़ क्षेत्रान्तर्गत मायके से वादी की पत्नी व सास द्वारा पैसा लेकर वादी की 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री की शादी जनपद हापुड़ के रहने वाले एक व्यक्ति के साथ करायी जा रही है। उक्त सूचना पर थाना राजगढ़ पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर विवाह कार्यक्रम को रुकवाकर विवाह कार्यक्रम से सम्बन्धित कुल 11 अभियुक्तों 1. तुषार चौधरी (दूल्हा), 2. सुरेन्द्र चौधरी, 3. समरजीत, 4. भूपेन्द्र, 5. आलोक चौधरी, 6.विमल कुमार, 7. निक्की शर्मा, 8. अंकित कुमार, 9. राहुल, 10. राकेश सिंह, 11. अनीता देवी (मध्यस्थता/अगुवा) को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से शादी में प्रयुक्त सामान व 10 हजार नगद (खरीद-फरोख्त) बरामद करते हुए मौके से एक अदद पिकअप व एक अदद रेनॉल्ड कार को बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना राजगढ़ पर मु0अ0सं0-65/2023 धारा 370 भादवि व 9/10 बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम-2006 पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्तों को मा0 न्यायालय/ जेल भेजा जा रहा है तथा बरामद उपरोक्त दोनो चार पहिया वाहनों को अन्तर्गत धारा-207 एमवी एक्ट के तहत सीज किया गया। गिरफ्तार अभियुक्ता अनीता देवी द्वारा मध्यस्थता/ अगुवाई करते हुए कन्या पक्ष के लोगो की गरीबी का फायदा उठाकर उनको पैसो का लालच देकर शादी हेतु राजी किया जाता है। कन्या पक्ष को शादी हेतु राजी कर लेने के उपरान्त वर पक्ष को बुलाकर पैसो का लेने देन कराते हुए शादी करायी जाती है। अनीता देवी द्वारा मध्यस्थता करते हुए हापुड़ निवासी तुषार के साथ 16 वर्षीय नाबालिग की शादी हेतु मां व नानी को पैसे का लालच देकर शादी रचायी जा रही थी।

## सिटी मजिस्ट्रेट ने होटल में की छापेमारी, 6 लड़कियों समेत 8 गिरफ्तार



प्रखर जौनपुर। सिटी मजिस्ट्रेट देवेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार के दिन कोतवाली पुलिस ने छापेमारी कर नगर के एक होटल से देह व्यापार के धंधे में लिप्त लड़कियों को बरामद किया है। सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि दोपहर लगभग 1 बजे सिटी मजिस्ट्रेट देवेंद्र कुमार को सूचना मिली कि थाना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला ओलांदगंज कचहरी रोड पर स्थित एक होटल में देह व्यापार का धंधा चल रहा है। शहर कोतवाल सतीश कुमार सिंह चौकी प्रभारी सरायपोख्ता अरविंद कुमार सिंह समेत भारी मात्रा में पुलिस बल के साथ छापेमारी की गई। छापेमारी में इलाहाबाद वाराणसी समेत अन्य स्थान की रहने वाली लड़कियों को पुलिस गिरफ्तार कर लिया है। छापेमारी के दौरान होटल के प्रबंधक और एक युवक को भी पुलिस ने संदिग्ध अवस्था में गिरफ्तार किया जबकि एक युवक फरार होने में सफल हो गया है। समाचार लिखे जाने तक अभी फिलहाल कोतवाली पुलिस द्वारा इस संबंध में जानकारी नहीं दी गई है कई बार दूरभाष से शहर कोतवाल से जानकारी करने का प्रयास किया गया लेकिन उनका फोन नहीं उठा। दूसरी तरफ यह चर्चा है की पुलिस से तगड़े खबरी सिटी मजिस्ट्रेट के पास है जो नगर के पल पल पर अपनी निगाह रख कर सूचना दिया करते हैं। दूसरी तरफ यह बताया जा रहा है कि जिला प्रशासन के आदेश पर उक्त होटल को सील कर दिया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### उपजिलाधिकारी के निरिक्षण में दो स्वास्थकर्मी मिले अनुपस्थित



प्रखर केराकत जौनपुर। शुक्रवार की सुबह लगभग 11 बजे उपजिलाधिकारी केराकत ने सामुदायिक स्वास्थ केंद्र मुफ्तीगंज का किया औचक निरीक्षण। निरीक्षण के दौरान दो स्वास्थ कर्मी मिले अनुपस्थित। जानकारी के अनुसार उपजिलाधिकारी केराकत नेहा मिश्रा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया सर्व प्रथम उपजिलाधिकारी ने उपस्थित पंजिका का निरीक्षण किया जिसमे सी एच ओ खुशबू मौर्य तथा आयुष चिकित्सक डा प्रीति गुप्ता अनुपस्थित मिली तत्पश्चात वार्ड प्रसव कक्ष फामेर्सी लैब साफ सफाई गोल्डेन कार्ड वैक्सीन के रख रखाव और आगामी 28 मई से चलने वाले पल्स पोलियो टीका करण अभियान की प्रगति के बारे में जानकारी लिया।निरीक्षण के दौरान सबकुछ सही मिलने पर उपजिलाधिकारी ने अधीक्षक डॉ श्रवण कुमार यादव की पीठ थपाते हुए हर संभव मदद करने के लिए कहा।निरीक्षण के दौरान गिरीश तिवारी अनंत पांडेय अशोक कुमार नसीर अहमद एल टी समस्त स्वास्थ कर्मी उपस्थित रहे।इस अवसर पर अधीक्षक डा श्रवण कुमार यादव ने उपजिलाधिकारी से सी एच सी में चिकित्सको की कमी के बारे में अवगत कराते हुए कम से कम एक चिकित्सक की तैनाती के लिए आग्रह किया जिसपर जल्द ही व्यस्था कराने का उपजिलाधिकारी ने आश्वासन दिया।

### पुलिस अधीक्षक ने ली परेड की सलामी एवं किया निरीक्षण



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक ओमबीर सिंह ने जनपद पुलिस लाइन गाजीपुर में परेड की सलामी ली। तथा इसके बाद पुलिस परेड का निरीक्षण भी किया। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने परेड किया। इसके बाद इसके बाद विभिन्न थानों से आई हुई पुलिस की गाड़ियों का निरीक्षण कर उनमें रखे गए सुरक्षा संबंधी उपकरणों को चेक किया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। डॉयल 112 की गाड़ियों का निरीक्षण कर गाड़ियों का रिस्पांस टाइम भी जाना। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन में स्थित विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही पुलिस लाइन में हो रहे निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया। किसी घटना के हो जाने के बाद घटना स्थल को सुरक्षित करने तथा घटना स्थल से साक्ष्य एकत्रित करने से संबंधित सभी को प्रशिक्षण दिया । परेड के दौरान सभी जवानों को बाधा दौड़, बीम, रस्सी चढ़ाई, मंकी रोप एवम हथियारों को खोलने तथा तथा जोड़ने के प्रशिक्षण से सभी को प्रशिक्षित किया गया।

### गंगा आरती देखकर लौट रही युवती के साथ 4 युवकों ने किया गैंगरेप वीडियो बनाकर किया वायरल, गिरफ़्तार

प्रखर वाराणसी। फूलपुर क्षेत्र की निवासी युवती गंगा आरती देखकर घर लौटते समय चार युवकों ने जबरदस्ती पकड़कर दरिंदगी करते हुए बलात्कार किया और उसका अश्लील वीडियो भी बना लिया। बता दें कि मामला 19 मई का बताया जा रहा है युवती गंगा आरती देखकर देर शाम बाबतपुर पहुंची। जहां पर अपने घर जाने के लिए किसी वाहन का इंतजार कर रही थी कि बाइक से चार युवक पहुंचे और उसे उसके साथ छेड़छाड़ करने लगे। इन चारों में से एक युवक उसके जानने पहचानने वाला भी था। छेड़छाड़ का विरोध करने पर उसके पैर पर दोपहिया वाहन चढ़ा दिए और उसे उठाकर बगल के प्राथमिक विद्यालय के पीछे गन्ने के खेत में ले जाकर बारी-बारी से रेप किया। उन्हीं चारों में से ही एक युवक उसे बाइक पर बैठा कर उसके गांव के पास छोड़कर भाग निकला। लोक लाज के डर से युवती ने किसी को इसकी जानकारी नहीं दी। लेकिन बुधवार को



दरिंदों के द्वारा बनाए गए अश्लील वीडियो को वायरल करने के बाद मजबूरन लोक लोक लाज को छोड़ते हुए, परिजनों को बताकर थाने पहुंची। जहां पर चारों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ। उक्त मामले में पुलिस आयुक्त (अपराध एवं मुख्यालय) ने बताया कि फूलपुर में किशोरी से गैंगरेप की घटना में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार युवकों में पूरा रघुनाथपुर निवासी सूरज गौंड और गोलू गौंड, सुनील पटेल और एक अन्य लखनऊ का निवासी युवक है। सूरज और गोलू हलवाई की दुकान पर काम करते है, सुनील की चाय पान की दुकान है।

## डीजे डांस पर अवैध तमंचा से चली गोली, एक युवक घायल



प्रखर सुइथाकलां जौनपुर। थाना सरपतहां क्षेत्र के एक गांव डी जे डांस को लेकर अवैध तमंचे से गोली लगने से एक युवक के पैर मे गोली लगने से घायल हो गया।आनन फानन मे लोगो ने युवक को अस्पताल ले गए। ज्ञात हो कि थाना क्षेत्र के कम्मरपुर गांव निवासी पूर्व प्रधान राम पाल के बेटे की बारात बुधवार को थाना क्षेत्र के पूरासम्भलशाह निवासी विनोद हरिजन के यहां ग ई थी। देर रात्र ग्यारह बजे जहां द्वार पूजा हो रहा था उससे थोडी दूरी पर डी जे पर डांस हो रही थी। इतने मे एक युवक अबैध तमंचे से फायरिंग शुरू कर दिया तो थाना क्षेत्र के अमांवाकला निवासी 22 वर्षीय विकास कुमार को दाहिने पैर मे गोली लग ग ई ।गोली चलते ही अफरा तफरी मच ग ई ।वही कुछ मनबढ युवको ने बारातियों की बोलोरी भी क्षतिग्रस्त कर दीऐ है। आनन फानन मे लोगो ने घायल विकास को सामुदायिक स्वा केन्द्र सुइथाकलां ले ग ए ।हालत नाजुक होने पर डाक्टरो ने रेफर दिया। घटना की सूचना पाते ही एस ओ विक्रम लक्ष्मण सिह मय फोर्स के साथ घटना स्थल पर पहुच कर जांच शुरू किया किस कारण से गोली चली। थोडी देर बाद क्षेत्राधिकारी शाहगंज देबेन्द्र सिह भी घटना स्थल पर पहुच गए।

## शूटिंग स्पर्धा में प्रथम स्थान पाने वाले सत्या का हुआ जोरदार स्वागत

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। लखनऊ में आयोजित प्रदेश स्तरीय यूपी स्टेट राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले शूटर सत्या सिंह कुशवाहा का पैतृक गांव बढ़नपुरा आगमन पर ग्रामीणों ने माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर भांवरकोल ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष राजेश राय बंगाली ने कहा कि प्रदेश स्तर के प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लाकर सत्या ने क्षेत्र एवं जनपद का नाम रोशन किया है। उन्होंने उसका उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सत्या भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में जिले का नाम रोशन करेगा। कहा कि हमारे क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है जरूरत है उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण देकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर का खिलाड़ी बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा किसी छोटे से परिवार से निकल कर प्रदेश स्तर पर अपना परचम लहराना निश्चित रूप से क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। ऐसे में क्षेत्र के युवाओं के लिए सत्या निश्चित रूप से प्रेरणास्त्रोत बनेगा । इस मौके पर सत्या ने कहा कि यदि लगन एवं कड़ी मेहनत से लक्ष्य बनाया जाए तो सफलता अवश्य मिलेगी। यह कहा अब मेरी तैयारी राष्ट्रीय इस स्पधाओं में में भाग लेकर देश का नाम रोशन करने का पय़ास जारी है।इस मौके पर पिता अवधेश सिंह कुशवाहा ने सभी आगंतुकों के पति आभार जताया। इस मौके ग्राम प्रधान बिट्टू कुशवाहा, लालबहादुर कन्नौजिया, खान अहमद, जावेद , अवधेश सिंह कुशवाहा, आनंद सिंह यादव, रामप्रकाश यादव ,बिनय कुमार, रामबिलास पाण्डेय, बिनोद कुशवाहा सहित काफी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।



## प्राथमिकता व गुणवत्तापूर्ण हो जन समस्याओं का निस्तारण : जिलाधिकारी



प्रखर मिजार्पुर। कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल जनता दर्शन में आमजन की समस्याओं व शिकायतों को सुना। जिलाधिकारी आए हुए फरियादियों से मिलकर उनके समस्याओं से रूबरू हुई तथा संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही फोन पर समस्याओं से अवगत कराते हुए निर्देशित किया कि तत्काल समुचित कार्रवाई कर समस्या का समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि प्रार्थना पत्र पर फरियादियों के अंकित मोबाइल नंबर पर कार्रवाई सुनिश्चित करने के बाद अवगत कराना भी सुनिश्चित करें। निस्तारण निर्धारित अवधि में गुणवत्तापूर्ण हो। इसके लिए फरियादियों से समन्वय स्थापित कर विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित करे। यह भी कहा कि अधिकारी प्राप्त शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करें ताकि आमजन को परेशानी का सामना न करना पड़े। इसमें किसी प्रकार की लापरवाहीध्शिथिलता क्षम्य नहीं की जाएगी। कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने में दोनों पक्षों में आपसी समन्वय होना जरूरी है। एक पक्षीय कार्रवाई कदापि नहीं होनी चाहिए।

### 29 मई से होगा अंडर 16 क्रिकेट मैच

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन से संबंध डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष शाश्वत सिंह ने बताया कि इंटरडिस्ट्रिक्ट क्रिकेट मैच नेहरु स्टेडियम में चल रहा है कल अंडर 19 का आखिरी मैच गाजीपुर और आजमगढ़ के बीच होना है। 28 से अंडर 16 के जो मैच होने थे वो 28 से न होकर 29 से शुरू होंगे। 29 को पहला मैच गाजीपुर और बलिया के बीच है 30 को मऊ और आजमगढ़ के बीच होंगे। 31 को पहले दिन और दुसरे दिन के हारी टीम के बीच होगा। 1 को पहले और दुसरे दिन के जीती टीम के साथ होगा। खिलाड़ियों को नियत तिथि को प्रातः 07:00 बजे नेहरु स्टेडियम में अपने चेस्ट नंबर व पंजीकरण स्लिप के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करना होगा। सभी खिलाड़ी अनुशासन में रहते हुए अपना बेहतर प्रदर्शन करें।

## नपं बृजमनगंज प्रथम अध्यक्ष राकेश जायसवाल सहित 16 सभासदों ने ली गोपनीयता की शपथ



प्रखर महराजगंज। नवनिर्वाचित नगर पंचायत बृजमनगंज मे प्रथम अध्यक्ष के रूप में भाजपा प्रत्याशी राकेश जायसवाल ने शपथ ग्रहण किया। इस दौरान फरेंदा एसडीएम मदन मोहन वर्मा ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके बाद 16 निर्वाचित सभासदों को शपथ ग्रहण कराया गया ।शपथग्रहण कार्यक्रम नवनिर्मित नगर पंचायत कार्यालय के अंदर पांडाल मे किया गया ।पूरा पांडाल खचाखच भरा हुआ था ।कार्यक्रम के संचालन सहकारी समिति के अध्यक्ष योगेंद्र यादव द्वारा किया गया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह ने नगर पंचायत की सम्मानित जनता का आभार प्रकट करते हुए कहा कि राजनीति में विश्राम की कोई जगह नहीं है मैं जब तीन बार विधायक रहा तब भी मैं आपके बीच मौजूद रहा आज नहीं हू तब भी आपके बीच मौजूद हूं और आगे भी हमेशा आपके बीच मौजूद रहूंगा ।नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश जायसवाल ने कहा कि नगर पंचायत की जनता मैं ऋणी रहुंगा ।नगर पंचायत बृजमनगंज मे विकास का कार्य हमारे तथा हमारे सभासदों द्वारा पांच साल निरंतर जारी रहेगा। शपथ ग्रहण के बाद लोगों ने नए अध्यक्ष और सभासदों को बधाई देते हुए बुके भेंट की माला पहनाकर स्वागत किया तथा फोटो खिचवाये ।इस दौरान प्रमुख रूप से ईओ अवध प्रकाश सिंह, वर्तमान ईओ सुरभि मिश्रा,ब्लॉक प्रमुख उदयराज यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख हरिश्चंद्र सोनकर, मंडल अध्यक्ष चंदू सिंह, साभसद प्रतिनिधि मनोज जायसवाल, रवि यादव,झीनक चौधरी,काजू कनौजिया सभासद जेपीगौड,दिलीप गुप्ता ,सुशीला सिंह,चंद्रशेखर यादव, सुरेंद्र जायसवाल, गायत्री देवी, भाजपा अरविंद मिश्रा,योगेंद्र तिवारी, महिला मोर्चा की अध्यक्ष कुसुम प्रजापति,आशीष जायसवाल, राजू जायसवाल एवं अनेक भाजपा कार्यकर्ता सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## टीडी कॉलेज के प्रोफेसर की लड़की से अश्लील डिमांड मुझे टच करने दो बीएड और टीईटी दोनों पास करा दूंगा



प्रखर जौनपुर। कहा जाता है कि विद्यालय शिक्षा का मंदिर होता है शिक्षक वहां का देवता लेकिन एक शिक्षक ने अपनी हवस के लिए अपनी ही छात्रा से ऐसी डिमांड कर दी। जिसे सुनकर बेहद ही शर्मनाक लगेगा। बता दें कि मामला जौनपुर जिले के पूर्वांचल विश्वविद्यालय से संबद्ध टीडी कॉलेज का है। जहां पर एक प्रोफेसर ने अपनी छात्रा को बीएड और टीईटी पास कराने के लिए खुलेआम इच्छा पूरी करने व संबंध बनाने की बात कर देता है। इस सब का लड़की अपने मोबाइल में चोरी से वीडियो बना लेती है, वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वहीं कालेज प्राचार्य ने नोटिस जारी कर प्रोफेसर से स्पष्टीकरण मांगा है। टीडी कॉलेज की एक विभाग के एचओडी स्नातक की छात्रा से सेक्स करने का ऑफर दे रहा है। छात्रा को बता रहा है कि सेक्स करने के बाद कोई दिक्कत नहीं होगी। मार्केट में बहुत सारी चीजें उपलब्ध है। इस दौरान छात्रा लगातार उसको नकार रही है और इस अश्लील करतूत का वीडियो भी बनाती रहती है। बता दें कि अभी तक छात्रा या किसी अन्य पुलिस में कोई शिकायत नहीं दर्ज कराई है। वही जौनपुर पुलिस ने वीडियो को स्वतः संज्ञान में लेते हुए लाइन बाजार थाने को जांच कर कार्यवाही करने का निर्देश दिया है। बता दें कि कालेज की स्नातक की छात्रा प्राचीन इतिहास विभाग के हेड ऑफ डिपार्टमेंट प्रोफेसर प्रदीप सिंह अपने केबिन में बुलाकर अश्लील बातें करता था। जिसको लेकर छात्र परेशान रहती थी। बताया जा रहा है कि प्रोफेसर की नियत को भापकर छात्रा ने उसका वीडियो बनाने का फैसला लिया। छात्रा को प्रोफेसर ने कालेज में स्थित अपने कक्ष में बुलाया तो उसने वीडियो बनाना शुरू कर दिया। प्रोफेसर छात्रा को सेक्स का ऑफर देते हुए, बताने लगा कि अब बहुत सी दवाई आती है। कुछ भी दिक्कत नहीं होगा। वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है। प्रोफेसर छात्रा को बीएड व टीईटी पास कराने का ऑफर देता है यह भी कहता है कि एक बार में क्या हो जाएगा, कुछ नहीं होगा? इस दौरान प्रोफेसर छात्रा से पूछता है कि किसी ने आज तक तुम्हे टच किया है, छात्रा कहती है नही। बताता है कि किसी को टच करने भी मत देना। किसी के साथ रिलेशन मत रखना केवल मेरे साथ रखना, फिर जो चाहोगे मिलेगा। बता दें कि यह वीडियो कब और कैसे बनाया गया इसकी जानकारी नहीं है। लेकिन गुरुवार को सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। प्राचार्य का कहना है की वीडियो देखा गया है और उसकी वार्ता सुनने से साफ है कि अश्लील है। अगर वीडियो सही है तो बेहद गंभीर मामला है। पूरे मामले की जांच कराकर उचित कार्यवाही की जाएगी।

## 25 हजार के ईनामिया सहित 3 गो-तश्कर गिरफ्तार



प्रखर मिजार्पुर। पुलिस अधीक्षक "संतोष कुमार मिश्रा" द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ व पशु तस्करों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना चुनार पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। आज दिनांकः 26.05.2023 को थाना चुनार पुलिस बल द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना चुनार क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग कर संदिग्ध पिकअप वाहन को कब्जे में लिया गया। थाना चुनार पुलिस द्वारा वाहन की तलाशी ली गयी तो वाहन पर क्रूरतापूर्वक बांधकर लदे हुए04 राशि गोवंशों को बरामद करते हुए 03 गो-तश्करों 1. लवकुश यादव उर्फ रमेशचन्द्र (25 हजार का ईनामिया), 2. जितेन्द्र कुमार 3. संजीव कुमार को गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चुनार पर मु0अ0सं-191/2023 धारा 3/5अ/8 गोवध अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार तीनों अभियुक्तों को मा0न्यायालय/जेल भेजा जा रहा है तथा तश्करी में प्रयुक्त पिकअप वाहन को अतर्गत धारा-207 एमवी एक्ट के तहत सीज किया गया।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वाचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं